RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www. bordernewsmirror.com



# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 216 , शनिवार, 19 सितंबर 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



गैस सिलेंडर में आग लगने पर कैसे करें बचाव, अग्निशमन विभाग ने कराया मॉक ड्रिलण... 03



'युवा बोले तो' में जुटेंगे हजारों युवा, ऐतिहासिक भागीदारी का दावा 04

टीवी पर करेंगी वापसी रश्मि देसाई, बोलीं-कमबैक नहीं, एक मकसद... 07

## एनटीए दफ्तर जाएंगे 'सुप्रीम' जज, खुद देखेंगे इंतजाम

- पेपर लीक रोकने के लिए क्या हुई है व्यवस्था, जानेंगे हाल
- एनटीए ने कहा था-एग्जाम सिस्टम को अब फुलप्रूफ बनाया





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जरूरत पड़ने पर नीट परीक्षा सिस्टम की जांच के लिए जज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के ऑफिस का दौरा करेंगे। वे देखेंगे कि परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से कराने के इंतजाम वास्तव में काम कर रहे हैं या नहीं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अलोक अराधे की बेंच यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट, फेमा और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इसमें एनटीए को भंग करने और पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत निगरानी सिस्टम की मांग की गई है। इससे पहले सरकार ने 19 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि नीट परीक्षा सिस्टम फुलप्रूफ है। इसमें सेंध लगाना मुश्किल है। कोर्ट ने एनटीए को अपने सुधारों और अब तक हुई प्रगति का ब्योरा वेबसाइट पर डालने का निर्देश दिया है। इससे परीक्षा व्यवस्था में हो रहे बदलावों की जानकारी सार्वजनिक होगी। एनटीए के लिए पर्याप्त स्थायी कर्मचारी और विशेषज्ञ स्टाफ रखने की जरूरत पर चर्चा हुई। कोर्ट ने बेहतर प्रशिक्षण, इंफ्रास्ट्रक्चर और तालमेल की जरूरत बताई।

### डिजिटल परीक्षा चरणबद्ध तरीके से होगी

कोर्ट ने कहा कि लिखित परीक्षा से डिजिटल परीक्षा की ओर बदलाव अचानक नहीं किया जा सकता। इसे धीरे-धीरे लागू करना होगा, ताकि नई व्यवस्था में परेशानी न हो। कोर्ट ने कहा कि परीक्षा सुधारों को लेकर वकील और राज्य अपने सुझाव तय ई-मेल के जरिए भेज सकते हैं। इन सुझावों को सुधार प्रक्रिया में शामिल किया जा सकेगा। केंद्र ने कोर्ट को बताया कि नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली हाई-पावर्ड पैनल की पहली अंतरिम रिपोर्ट सितंबर के अंत तक आने की संभावना है।

## रणवीर सिंह ने लिया 1000 बेटियों की पढ़ाई का खर्च उठाने का संकल्प

- लालबागचा राजा पहुंचे थे; बोले-आशा है, इससे बप्पा प्रसन्न होंगे



**मुंबई (एजेंसी)।** एक्टर रणवीर सिंह ने मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा पंडाल में पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 1000 बेटियों की शिक्षा में मदद करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि बप्पा का आशीर्वाद लेकर आगे के सफर के लिए उनका आशीर्वाद मांगा। एक इंटरव्यू में रणवीर ने कहा, बहुत अच्छा लग रहा है यहां आकर। जो पिछला साल गुजरा है, मेरे लिए और मेरे परिवार के लिए खुशियों से भरा रहा, बप्पा की कृपा से।

**संक्षिप्त समाचार**

## पाकिस्तान में जुमे की नमाज के दौरान धमाका

- मस्जिद में 15 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा घायल

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को भीषण बम ब्लास्ट हुआ है। कोहाट जिले के पुलिस लाइंस इलाके की मस्जिद को धमाके का निशाना बनाया गया। इसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये धमाका दोपहर के वक्त जुमे की नमाज के समय हुआ। जुमे की वजह से मस्जिद के अंदर और बाहर काफी भीड़ थी। इसके चलते ब्लास्ट से बड़े पैमाने पर जनहानि हुई है। घायलों में



कई पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। डिस्ट्रिक्ट हेडक्वार्टर अस्पताल के एमडी ताहिर अली शाह ने जियो न्यूज को बताया कि धमाके के बाद 15 शव और 50 से घायल लोगों को अस्पताल लाया गया। इसमें कई घायलों की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, धमाका जुमे की नमाज के दौरान हुआ। ब्लास्ट इतना जोरदार था कि मस्जिद के बाहर गड्ढा बन गया। धमाके के बाद पुलिस लाइंस में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। बचाव कर्मियों ने बताया कि धमाके से मस्जिद का बाहरी हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और एक दीवार भी गिर गई। कोहाट में प्रशासन ने इमरजेंसी लागू कर दी है। घटना के बाद अधिकारियों ने कोहाट-हंगू रोड ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया है।

## निठारी कांड के आरोपी रहे सुरेंद्र कोली ने लगाई फांसी

- हरिद्वार में दुकान के भीतर मिली लाश, चाय बेचने का कर रहा था काम

**हरिद्वार (एजेंसी)।** चर्चित निठारी कांड के आरोपी रहे सुरेंद्र कोली ने हरिद्वार में फांसी लगाकर खुदकुशी की है। सुरेंद्र कोली का शव पुलिस को संदिग्ध परिस्थितियों में एक दुकान में मिला है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र कोली कुछ दिन से हरिद्वार में चाय बेचने का काम कर रहा था। उसका शव चाय की दुकान में रस्सी के सहारे फंसे पर लटका मिला है। सुरेंद्र कोली मूल रूप से अल्मोड़ा का रहने वाला था, पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर जांच शुरू कर दी



है। घटना शहर कोतवाली की सप्त ऋषि पुलिस चौकी की है। जहां सप्त सरोवर रोड लालमाता मंदिर के सामने चाय की दुकान में पुलिस को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत की सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जिसकी पहचान सुरेंद्र कोली निवासी ग्राम मंगरुखाल, भिकियासैड़ अल्मोड़ा के रूप में कराई। पुलिस ने परिजनों को इसकी सूचना दी है। साथ ही घटना के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार सुरेंद्र कोली कुछ महीनो से हरिद्वार में रह रहा था और चाय बेचता था।

# यहां 'सेक्युलर' लागू नहीं होता, भारत 'धर्मप्राण' देश है

### मोहन भागवत बोले-हम दुनिया के संघर्ष में नहीं पड़ते

**संघ प्रमुख ने युवाओं को समझाया रिलीजन का अर्थ**



**उज्जैन (एजेंसी)।** संघ प्रमुख मोहन भागवत ने उज्जैन में युवा धर्म संसद में संवाद किया है। संवाद के दौरान संघ प्रमुख ने युवाओं को धर्म और रिलीजन मतलब समझाया है। उन्होंने धर्म हमें मुक्त करता है और रिलीजन बांधता है। हमें धर्म को मानना है। संघ प्रमुख ने कहा कि पाश्चत्य तरीके से खेती करने की वजह से गड़बड़ियां हो रही हैं। मोहन भागवत ने कहा कि गीता और रामायण को रिटायरमेंट के बाद पढ़ने के ग्रंथ है, लेकिन ऐसा नहीं है। धर्म अस्तित्व के प्रारंभ से लेकर अंत तक रहता ही है और सब कुछ उसी के अनुसार चलता है। आप इसको मानो या मत मानो।

### भारत के हर शहर में धर्मशाला बनवाया

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने पहले भी बिजनेस किया। सालों से करते आ रहे हैं। उन लोगों ने धर्मदाय किया है। शहरों में लोगों के लिए धर्मशाला बनवाए हैं। उन्होंने कहा कि अपनी बुद्धि से कमाओ और लोगों में भी बांटो अपने जीवन को चलाओ लेकिन दूसरों को कष्ट नहीं हो। तुम्हारा जीवन चलेगा तो सबका जीवन चलेगा। हम कमाई करें लेकिन दूसरों को धक्का नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि धर्म सत्य पर आधारित है। यह अनेकता प्राकृतिक और सृष्टि की है। इसे स्वीकार करना है। सत्य यह है कि हम सब एक हैं। उन्होंने कहा कि सत्य बड़ा कठोर है। सत्य के कारण ही हमारे अंदर संवेदना है। सबके प्रति अपनी संवेदना होती है। **हम जिएंगे सबको जिलाएंगे, यही है संदेश-** मोहन भागवत ने कहा कि हम जिएंगे और सबको जिलाएंगे। भारत धर्मप्राण देश है। हम आर्थिक और सामरिक दृष्टि से बड़ा बनेंगे। लेकिन हमारा ये गंतव्य नहीं है ये पड़ाव है। अपने यहां सेक्युलर शब्द लागू नहीं होता है।

### हमारे संदर्भों में सेक्युलर लागू नहीं होता

संवाद में संघ प्रमुख ने कहा कि हमारे यहां सेक्युलर लागू नहीं होता है। भारत में जब भी भारतीयों का राज्य रहा, यहां राज धर्म के आधार पर ही चला है। पश्चिम में एक देश है जो हमें बार-बार परेशान करता है। लेकिन हम कुछ नहीं करते हैं। दुनिया के संघर्षों के बीच में हम नहीं पड़े है। हमने संकट के समय लोगों की मदद की है। किसी भी विचारधारा की सरकार हमारे देश में रही हो लेकिन हमलोगों ने मदद की है। क्योंकि हमारे जिन में धर्म है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गुरुदेव रानाडे, एक इलाहाबाद यूनिवर्सिटी में डीन ऑफ फिलॉसफी हो गए, साक्षात्कारी महापुरुष थे। वो कहते थे कि हर धर्म के ऊपर एक और धर्म है। उस रिलिजन को देखकर ये रिलिजन चलेंगे तो ठीक रहेगा। क्योंकि उनके समय अंग्रेजी भाषा में धर्म के लिए कोई समय, कोई शब्द नहीं रहा। आज भी नहीं है। उस समय भी नहीं था।

## 'हम नीरज को हराएंगे', बिहार में अनंत ने दिखाए बागी तेवर

### एमएलसी चुनाव में पार्टी गाइड लाइन से अलग चुनी राह

**एके-47 मामले में नीरज कुमार को नार्को टेस्ट की चुनौती**



**पटना (एजेंसी)।** मोकामा से जनता दल यूनाइटेड के विधायक अनंत सिंह ने अपनी ही पार्टी के खिलाफ बगावती सुर अपना लिए हैं। पटना में मौजूद होने के बावजूद वे जदयू विधायकों की अहम बैठक से नदारद रहे। इसके साथ ही उन्होंने आगामी विधान परिषद चुनाव में पार्टी प्रत्याशी और मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार का खुलकर विरोध करने की घोषणा की है। अनंत सिंह ने अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार को खुली चुनौती देते हुए दावा किया है कि नीरज कुमार का चुनाव जीतना तो दूर, अगर वे अपनी जमानत भी बचा लें तो यह बहुत बड़ी बात होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी भी कीमत पर नीरज कुमार को चुनाव हराने के लिए पूरा जोर लगाएंगे।

### विरोध का कारण और बैठक से दूरी

पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ मोर्चा खोलने का कारण बताते हुए विधायक ने कहा कि जब वे विधानसभा का चुनाव लड़ रहे थे, तब नीरज कुमार ने भी उनका विरोध किया था। ऐसे में नीरज के जीतने या हारने से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं, शुक्रवार को हुई पार्टी की बैठक में शामिल न होने के सवाल पर अनंत सिंह ने सफाई दी कि उन्हें अपने विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर जाना था, जिसके कारण वे बैठक में हिस्सा नहीं ले सके। अनंत सिंह ने नीरज कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि नीरज कुमार ने पार्टी के वरिष्ठ नेता ललन सिंह के खिलाफ भी साजिश रची और उन्हें हराने का प्रयास किया था। विधायक ने कई गंभीर आरोप लगाए।

### अंडे-टमाटर भी फेंके, बिट्टू का एएपी समर्थकों पर आरोप

## पूर्व केंद्रीय मंत्री के काफिले पर हमला, कार के शीशे तोड़े



**गुरदासपुर (एजेंसी)।** पंजाब में बीजेपी की नशा मुक्त रथ यात्रा शुरू होने से पहले पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू के काफिले पर हमला हो गया। बिट्टू शुक्रवार को अमृतसर से पठानकोट में यात्रा में शामिल होने के लिए जा रहे थे। बिट्टू ने कहा कि बटाला (गुरदासपुर) के पास काफिले को घेरा गया। इसके बाद हमला कर गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए गए। उन पर टमाटर और अंडे फेंके गए। पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को वाय+ सिक्योरिटी मिली हुई है। माहौल बिगड़ते देख उनके सुरक्षाकर्मी तुरंत उन्हें एक घर में ले गए। बिट्टू ने आरोप लगाया कि फतेहगढ़ चूड़ियां से एएपी के हलका इंचार्ज जोबन रंधावा के समर्थकों ने लंगर की आड़ में उन पर हमला किया है। उन्होंने 2 आरोपियों को भी पकड़ा। इस पर बीजेपी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी डरी हुई है। घबरा गई है। इसलिए रवनीत बिट्टू पर हमला हुआ।

## मनु भाकर और तेजिंदर तूर होंगे भारतीय दल के ध्वजवाहक

**एशियन गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी आज, जापान में हो रहे हैं गेम्स**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार निशानेबाज मनु भाकर और शॉटपुट में गत चैंपियन तेजिंदर पाल सिंह तूर को एशियन गेम्स 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में भारत के ध्वजवाहक होंगे। एशियन गेम्स में इवेंट्स की शुरुआत हो गई है लेकिन अभी ओपनिंग सेरेमनी नहीं हुई है। ओपनिंग सेरेमनी के बाद मेडल इवेंट होंगे। 20वें एशियाई खेल जापान के आइची प्रान्त



और नागोया में हो रहे हैं। भारत के अभियान प्रमुख सहदेव यादव ने कहा कि मनु भाकर एक ध्वजवाहक होंगी। इसके बाद में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने पुष्टि की कि तूर दूसरे ध्वजवाहक होंगे। 24 साल की मनु भाकर ने भारत के लिए दो मेडल जीते थे।

### 496 भारतीय एथलीट एशियन गेम्स में उतरेंगे

19 सितंबर को एशियन गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन पालोमा मिजुहो स्टेडियम में किया जाएगा। यह मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम है। इसकी क्षमता 30 हजार दर्शकों की है और यहां एशियन गेम्स के एथलेटिक्स के भी इवेंट होंगे। भारत की तरफ से कुल 496 एथलीट्स एशियन गेम्स में उतरने वाले हैं। इसमें 265 पुरुष और 231 महिलाएं हैं। 2022 में चीन में हुए एशियन गेम्स में भारत ने 28 गोल्ड समेत कुल 106 मेडल जीते थे। इस एशियन गेम्स में 46 देश के 10 हजार से ज्यादा एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

## राहुल उवाच, वोट चोरी के बाद अब पार्टी की चोरी

- राहुल बोले-यह सिर्फ ममता बनर्जी की लड़ाई नहीं बची है
- चुनाव आयोग ने टीएमसी के नाम-सिंबल पर रोक लगाई



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने तृणमूल कांग्रेस के चुनाव चिह्न और नाम के इस्तेमाल पर रोक लगाने के चुनाव आयोग के आदेश की आलोचना की। उन्होंने कहा कि ये लड़ाई सिर्फ ममता बनर्जी की नहीं है। वोट चोरी और सरकार चोरी के बाद अब पार्टी चोरी हो रही है। राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा- पहले शिवसेना, फिर एनसीपी और अब तृणमूल कांग्रेस। हर बार एक ही पैटर्न- बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर एक पार्टी को तोड़ते हैं। फिर उसका चुनाव चिन्ह छीन लिया जाता है। उन्होंने लिखा- जब पूरी की पूरी पार्टी चोरी हो सकती है, तो करोड़ों भारतीयों के वोट चोरी होना भी हैरानी की बात नहीं। वोट चोरी। सरकार चोरी। अब पार्टी चोरी। ये पाप है।

## जी-20 देशों में अब सबसे आगे होंगे 'हिंदुस्तानी'

- इस साल सबसे तेज बढ़ सकती है 'भारतीय' अर्थव्यवस्था
- मूडीज ने जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6 से 7 फीसदी किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अर्थव्यवस्था इस साल जी 20 देशों में सबसे तेज बढ़ सकती है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने यह अनुमान लगाया है। एजेंसी ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी कर दिया है। मूडीज का कहना है कि मिडिल ईस्ट में तनाव और संघर्ष के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था पर इसका असर अनुमान से काफी कम पड़ा है। मजबूत घरेलू खपत, इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकारी खर्च, प्राइवेट इन्वेस्टमेंट में सुधार के संकेत और सर्विस सेक्टर की लगातार मजबूती से भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनी हुई है। मूडीज का नया अनुमान देश और दुनिया की दूसरी बड़ी वित्तीय संस्थाओं के मुकाबले काफी ज्यादा है। इस साल की शुरुआत में दुनिया में बढ़ती अनिश्चितता के कारण कई एजेंसियों ने भारत की विकास दर का अनुमान घटा दिया था। इसके उलट, मूडीज ने भारत की अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार पर ज्यादा भरोसा जताया है। **घरेलू मांग और सर्विस सेक्टर बने ग्रोथ के मुख्य पिलर-** मूडीज के मुताबिक, भारत की इस तेज ग्रोथ की सबसे बड़ी वजह देश में बढ़ती मांग है। लोगों का खर्च बढ़ा है और कंपनियों के निवेश में भी तेजी बनी हुई है। कंपनियों और प्राइवेट सेक्टर की ओर से नए निवेश के संकेत मिलने लगे हैं।

### कच्चे तेल की कीमतें और महंगाई अभी भी चिंता का विषय

मूडीज ने चेतावनी दी है कि भले ही जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया गया है, लेकिन जोखिम पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार बजट घाटा कम करने के अपने लक्ष्य पर कायम है। सरकार इसे पिछले साल के 4.4 से घटाकर वित्त वर्ष 2026-27 में 4.3 फीसदी करना चाहती है। हालांकि, अगर दुनिया में ऊर्जा के दाम बढ़ते हैं तो सरकार को लोगों को राहत देने के लिए ज्यादा सब्सिडी देनी पड़ सकती है। इसके अलावा, रक्षा और इंफ्रास्ट्रक्चर पर ज्यादा खर्च की जरूरत है। ऐसे में सरकार के कर्ज को तेजी से कम करना मुश्किल हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा में छलांग लगाने वाला युवक जिंदा, 40 किमी दूर पत्थल घाट से 5 घंटे बाद मिला

**हाजीपुर।** हाजीपुर में गंगा नदी में छलांग लगाने वाला एक युवक करीब 40 किलोमीटर दूर पत्थल घाट से जिंदा बरामद हुआ है। यह घटना सिक्सलेन पुल के पास हुई थी। युवक की पहचान बिदुपुर थाना क्षेत्र की बिदुपुर पंचायत के नया टोला गणिनाथ वार्ड संख्या 11 निवासी मनोज राय (45) के रूप में हुई है। उसके पिता का नाम शिवजी राय है। मनोज दही और दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके दो बेटे और दो बेटियां हैं। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार शाम मनोज राय सिक्सलेन पुल के पैदल मार्ग पर टहल रहा था। इसी दौरान गांव के एक व्यक्ति ने उसे देखा और वाहन चलने वाले मार्ग की ओर ले आया। वहां दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। शोर सुनकर राहगीर रुक गए और दोनों को अलग कर दिया। इसके बाद मनोज दोबारा पैदल मार्ग पर पहुंचा। उसने सिक्सलेन पुल के पाया संख्या 61/62 के पास से गंगा में छलांग लगा दी। ग्रामीण ने उसे रोकने की बार-बार कोशिश की। लेकिन मनोज उस पर बदमाशी और छिनतई का आरोप लगाकर हंगामा करता रहा। घटना के तुरंत बाद लोगों ने बिदुपुर थाने की पुलिस और डायल-112 को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। युवक की तलाश भी शुरू कराई गई। करीब पांच घंटे बाद मनोज को घटनास्थल से लगभग 40 किलोमीटर दूर पत्थल घाट से जिंदा बरामद कर लिया गया। युवक के जिंदा मिलने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

### होटल में 8-10 राउंड फायरिंग,ग्राहक के पैर में लगी गोली, मालिक के बेटे को अगवा कर ब्लेड से काटी अंगुल



**हाजीपुर।** हाजीपुर के लालगंज थाना क्षेत्र के बेदौली चौक स्थित विनोद सिंह लाइन होटल में बुधवार रात करीब 11 बजे हथियारबंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दो बाइक से पहुंचे चार युवकों में से दो ने पिस्तौल निकालकर करीब 8 से 10 राउंड गोलियां चलाईं। गोलीबारी में होटल में मौजूद ग्राहक वायदेई कुमार के पैर में गोली लग गई। घायल को इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, चारों युवक दो बाइक से होटल पहुंचे थे। खाना खाने के दौरान किसी बात को लेकर उनका विवाद हो गया। इसी बीच होटल मालिक का बेटा राजा कुमार दोनों पक्षों को समझाने के लिए पहुंचा। बताया गया कि विवाद के दौरान अपराधियों ने राजा कुमार को पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने होटल में फायरिंग शुरू कर दी। अचानक हुई गोलीबारी से होटल में मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। इसी दौरान ग्राहक वायदेई कुमार को पैर में गोली लग गई। स्थानीय लोगों ने राजा कुमार को अपराधियों के कब्जे से छुड़ाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी उसे अपने साथ लेकर चले गए। इससे घटना और गंभीर हो गई। आरोप है कि होटल से राजा को ले जाने के बाद अपराधियों ने उसके हाथ की एक अंगुली ब्लेड से काट दी। हालांकि, इस आरोप की पुलिस जांच कर रही है। फायरिंग की सूचना मिलने के करीब आधे घंटे बाद लालगंज पुलिस रात करीब 11:30 बजे मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू की और राजा कुमार को बरामद कर लिया। पुलिस अब फायरिंग करने वाले युवकों की पहचान और उनके भागने के रास्ते का पता लगाने में जुटी है। घटना के पीछे की वजह भी स्पष्ट नहीं हो सकी है। होटल में ताबड़तोड़ फायरिंग और युवक को अगवा कर उसके साथ मारपीट किए जाने की घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### वार्ड पार्षद-बहू से मारपीट, घर में घुसकर गाली-गलौज, पड़ोस के 5-6 लोगों पर हमला-लूटपाट का आरोप

**हाजीपुर।** वैशाली के पातेपुर नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड-12 में वार्ड पार्षद और उनकी बहू के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने पड़ोस के 5-6 लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद दोनों घायलों को पातेपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद पार्षद की बहू को बेहतर इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पार्षद की बहू के मुताबिक, वह शाम करीब 8 बजे घर में बैठी थी। इसी दौरान पड़ोस के 5-6 लोग वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि



विरोध करने पर सभी ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बहू के साथ मारपीट की जानकारी मिलने पर वार्ड पार्षद मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने लगीं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने पार्षद के साथ भी मारपीट की। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायलों को पातेपुर पीएचसी ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद पार्षद की बहू की हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें हाजीपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार ने मारपीट के साथ घर में लूटपाट किए जाने का भी आरोप लगाया है। हालांकि, लूटे गए सामान या रकम की विस्तृत जानकारी अभी सामने नहीं आई है। मामले में दूसरे पक्ष की ओर से फिलहाल कोई बयान सामने नहीं आया है। इसलिए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। घटना को लेकर पुलिस की ओर से अब तक कार्रवाई की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है। शिकायत, मेडिकल रिपोर्ट और दोनों पक्षों के बयान के आधार पर मामले की जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### डीआईजी के नाम पर 1 लाख मांगने का ऑडियो वायरल, महिला थानाध्यक्ष पूर्णिमा कुमारी निलंबित

**हाजीपुर।** हाजीपुर में डीआईजी के नाम पर 1 लाख रुपए रिश्वत मांगने के कथित ऑडियो मामले में वैशाली महिला थाना की थानाध्यक्ष पूर्णिमा कुमारी को निलंबित कर दिया गया है। वायरल ऑडियो की जांच में केस से अभियुक्त का नाम हटाने के एवज में अनैतिक लाभ मांगने के तथ्य सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई। तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक के आदेश पर वायरल ऑडियो की जांच कराई गई थी। जांच में ऑडियो क्लिप सही पाया गया है। पूछताछ में यह भी पता चला कि ऑडियो 22 अगस्त 2026 का है। थाना परिसर में उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है। महिला थाना कांड संख्या 64/25 से संबंधित पूरे मामले की जांच अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-2, लालगंज ने की। जांच के दौरान वायरल ऑडियो में कांड के अभियुक्त के परिजन से बातचीत में केस से नाम हटाने के एवज में अनैतिक लाभ मांगने के तथ्य मिले। जांच के दौरान संबंधित पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों से पूछताछ की गई। उपलब्ध सबूतों और तथ्यों की जांच भी की गई। जांच रिपोर्ट में महिला थाना प्रभारी पूर्णिमा कुमारी का आचरण पहली नजर में अनैतिक और संदिग्ध पाया गया। महिला थाना कांड संख्या 64/25 पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद से जुड़ा मामला है। डायल-112 चालक नवलेश कुमार की पत्नी ने पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। इसी मामले में राहत दिलाने और केस से नाम हटाने के नाम पर कथित तौर पर रुपए मांगे जाने की बात सामने आई थी। ऑडियो वायरल होने के बाद मामला प्रभारी डीआईजी सत्यनारायण कुमार को पता चला था। उनके आदेश पर जांच कराई गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर महिला थानाध्यक्ष के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

# जमीन मामलों में लापरवाही 3 अधिकारियों पर कार्रवाई

## अंचल अधिकारी निलंबित, एक की 15% पेंशन कटौती और दूसरे की इंक्रीमेंट रोकी

**एजेंसी, पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जमीन से जुड़े मामलों में लापरवाही और अनियमितता के आरोप में तीन अधिकारियों/कर्मचारियों पर कार्रवाई की है। मंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई संचिका में तीन मामलों में दिए गए दंड और अनुमोदित आरोपों की जानकारी दी गई है। इनमें एक अंचल अधिकारी को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया था। वहीं दो अन्य राजस्व अधिकारियों पर नामांतरण (म्यूटेशन) से जुड़े मामलों में गलत रिपोर्ट और आदेश की अनदेखी करने का आरोप है।

**20 हजार रुपए रिश्वत लेते अंचल अधिकारी गिरफ्तार:** बांका के चांदन के अंचल अधिकारी रविकांत कुमार को 20 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए



गिरफ्तार किया गया था। दस्तावेज में उनके खिलाफ रिश्वत लेने का आरोप दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद विभाग ने उन्हें गिरफ्तारी की तारीख से निलंबित कर दिया है।

**गलत रिपोर्ट के आधार पर नामांतरण वाद खारिज करने का आरोप:** अररिया के नरपतगंज के राजस्व अधिकारी रामउदगार चौपाल पर नामांतरण वाद संख्या 1693/25-26 में गलत और भ्रामक रिपोर्ट के आधार पर मामला अस्वीकृत करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि नामांतरण से जुड़े इस मामले में सही तरीके से जांच और रिपोर्ट के बजाय गलत और भ्रामक प्रतिवेदन के आधार पर फैसला लिया गया। इस मामले में विभाग ने संचयी प्रभाव के बिना दो वेतनवृद्धियों पर रोक लगाने का दंड निर्धारित किया है। यानी अधिकारी की दो वेतनवृद्धियां रोकी जाएंगी, लेकिन इसका असर आगे की वेतनवृद्धि पर स्थायी रूप से नहीं पड़ेगा।

**पुराने राजस्व मामले में आदेश की अनदेखी का आरोप:** बांका के धोरैया के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी और बाद में सारण के लहलादपुर के अंचल अधिकारी रहे जयशंकर प्रसाद पर भी कार्रवाई की गई है। वे अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। उन पर नामांतरण रिवीजन वाद संख्या 66/99-2000 में पारित आदेश की अनदेखी करने का आरोप है। दस्तावेज के अनुसार, विक्रेता के नाम से जमाबंदी कायम नहीं रहने के बावजूद नामांतरण के लिए अनुशंसा की गई। विभाग ने इसे पुराने आदेश की अवहेलना मानते हुए कार्रवाई की है। सेवानिवृत्त होने के बाद उन पर 5 वर्षों तक 15 प्रतिशत पेंशन की कटौती का दंड लगाया गया है।

**तीनों मामलों में अलग-अलग कार्रवाई:** विभाग की ओर से सामने आए विवरण के अनुसार तीनों मामलों में कार्रवाई का आधार अलग है। रविकांत कुमार पर रिश्वत लेने का मामला है और गिरफ्तारी के बाद उन्हें निलंबित किया गया। रामउदगार चौपाल पर गलत और भ्रामक रिपोर्ट के आधार पर नामांतरण वाद अस्वीकृत करने का आरोप है, जबकि जयशंकर प्रसाद पर पुराने आदेश की अनदेखी कर नामांतरण की अनुशंसा करने का आरोप है।

# मर्डर के आरोपियों के घर कुर्की-जब्ती, बुलडोजर चला

**एजेंसी, हाजीपुर**

हाजीपुर में जमीन विवाद में हुई हत्या के मामले में फरार आरोपियों पर वैशाली पुलिस ने कार्रवाई की है। सदर थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव में चार फरार आरोपियों के घर कुर्की-जब्ती की गई। इस दौरान अवैध निर्माण पर बुलडोजर भी चलाया गया। एसडीपीओ गोपाल मंडल के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर मौजूद था।

**चार आरोपी अभी भी फरार:** यह मामला 26 जून का है, जब जमीन विवाद में आमोद राम की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इस हमले में उनकी चाची भी घायल हो गई थीं।

मृतक के बेटे विकास कुमार के बयान पर पांच लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई थी। पुलिस ने बताया कि एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि चार आरोपी अभी भी फरार हैं। फरार आरोपियों के खिलाफ कोर्ट से 11 जुलाई को वारंट और 29 जुलाई को इश्तिहार जारी हुआ था।

**अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया:** इसके बाद भी आरोपियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया। तब कोर्ट



❑ कोर्ट के आदेश पर सदर पुलिस का एक्शन, 4 आरोपी अब भी फरार

से कुर्की वारंट जारी होने पर पुलिस ने चारों आरोपियों के घर कार्रवाई शुरू की।

मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में आरोपियों के घर के सामान की कुर्की-जब्ती की गई। साथ ही, अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान कई पुलिसकर्मी मौके पर मौजूद थे।

एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी तक यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# पटना एयरपोर्ट पर बर्ड हिट रोकने के लिए सख्ती

**एजेंसी, पटना**

पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा और विमानों से पक्षियों के टकराने की घटनाओं को रोकने के लिए शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा ने की। इसमें डीएम, एसएसपी, एयरपोर्ट निदेशक, CISF, नगर निगम और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2025 में पटना एयरपोर्ट पर बर्ड हिट के 32 मामले सामने आए थे, जबकि 2026 में अब तक 16 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इसे देखते हुए एयरपोर्ट के आसपास पक्षियों को आकर्षित करने वाले कारणों को दूर करने का निर्णय लिया गया।

**अधिकारियों को दिए गए कई निर्देश:** अधिकारियों को एयरपोर्ट के आसपास कूड़ा डंपिंग वाले स्थानों की पहचान कर सफाई कराने और खुले में मांस-मछली बेचने वाली दुकानों को हटाने के निर्देश दिए गए।



पेड़-पौधों की नियमित कटाई-छंटाई और एयरपोर्ट परिसर में घास की सफाई कराने को भी कहा गया। रेलवे लाइन के किनारे फैले कूड़े की सफाई नगर निगम और रेलवे के समन्वय से कराने का निर्देश दिया गया। आईसीआर की जमीन पर पानी जमा होने से पक्षियों के आने की समस्या का भी समाधान किया जाएगा।

बैठक में एयरपोर्ट के आसपास लेजर लाइट पर निगरानी, नई तकनीक वाले उपकरण लगाने और स्थानीय पुलिस पिकेट बनाने पर भी चर्चा हुई। एयरपोर्ट के बाहर अवैध ऑटो-टैक्सी पार्किंग हटाकर नो-पार्किंग बोर्ड लगाने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## सिविल कोर्ट को खालिस्तान नेशनल आर्मी का धमकी भरा ईमेल, लिखा-

# पटना के एएमबी वर्मा का निझ्झर हत्याकांड में हाथ, 400 गोली मारेंगे, बॉडी भी नहीं मिलेगी

**एजेंसी, पटना**

पटना सिविल कोर्ट को धमकी भरा एक अज्ञात मेल मिला है। इसमें खालिस्तान नेशनल आर्मी के द्वारा मैसेज पास किया गया है कि किसी निझ्झर नाम के खालिस्तानी नेता के कत्ल में पटना के AMB वर्मा का हाथ है। इतना ही नहीं, उनकी ओर से लिखा गया है कि AMB वर्मा को 400 गोली मारेंगे और उसकी लाश भी नहीं मिलेगी। पहले बताया जा रहा था कि कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। यह गलत खबर फैलते ही एहतियातन सिविल कोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई। कोर्ट को खाली करवाकर सर्च अभियान चलाया गया।

कोर्ट परिसर को खाली कराया गया और मेन गेट बंद कर सर्च अभियान चलाया गया। बम और डॉग स्क्वायड की टीम कोर्ट पहुंची



और बम की तलाश किया गया। हालांकि, जांच के दौरान कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिला। इससे पहले भी मार्च 2026 में पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

**धमकी भरे मेल में क्या लिखा है:** टाउन डीएसपी-1 राजेश रंजन ने बताया, 'एक खालिस्तान नेशनल आर्मी के द्वारा मैसेज पास किया गया है। जिसमें लिखा गया है "निझ्झर जिंदाबाद"। निझ्झर के कत्ल की जानकारी मिल गई है....पटना के AMB वर्मा को 400 गोली मारेंगे। लाश भी नहीं मिलेगी।'

जानकारी के मुताबिक, निझ्झर की हत्या कनाडा में हुई थी। वह खालिस्तानियों का बड़ा नेता था। इस मैसेज के जरिए सभी कोर्ट को कहा गया है कि निझ्झर की 40 गोली मारकर हत्या करने वाले AMB संजय वर्मा की 400 गोली की हत्या होगी। पूरा पटना खालिस्तान जिंदाबाद के नारे से गूंजेगा। टुडू का कहना है कि इसमें हिंदुस्तान का हाथ है। बदला लेने के लिए हम लोग पटना पहुंच गए हैं।

**अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने जताई नाराजी:** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वाइस प्रेसिडेंट अजय कुमार मिश्रा ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि हर बार धमकी मिल रही है। लेकिन प्रशासन के पास अभी तक कोई ठोस जवाब नहीं है।धमकी की सूचना के बाद अधिवक्ताओं और कर्मचारियों में भी चिंता का माहौल है। अधिवक्ता दिनकर दुबे ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'कोर्ट को बार-बार धमकी मिल रही है। इस दिशा में सख्त कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं। ऐसी धमकियों से कोर्ट के कामकाज पर भी असर पड़ता है।

# ज्वेलरी शॉप से 4 लाख की चोरी, दुकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात और नकदी उड़ाए

**एजेंसी, पटना**

फुलवारी शरीफ में एक ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चुरा ली। यह वारदात खगौल मुख मार्ग पर सबजपुरा मोड़ के सामने स्थित अनमोल ज्वेलरी में हुई। दुकानदार के मुताबिक, चोर सोने-चांदी के आभूषण समेत चार लाख रुपए से अधिक का सामान लेकर फरार हुए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**सुबह दुकान का ताला टूटा मिला:** अनमोल ज्वेलरी के मालिक अनमोल कुमार ने बताया कि वह रोज की तरह रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह दुकान का ताला टूटे होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था और कई



जेवरात गायब मिले। दुकानदार के मुताबिक, चोर सोने और चांदी के आभूषणों के अलावा दुकान में रखी नकदी भी ले गए। शुरुआती अनुमान के मुताबिक, चोरी हुए सामान की कीमत चार लाख रुपए से अधिक है। हालांकि, सभी आभूषण और नकदी का मिलान करने के बाद ही वास्तविक नुकसान का पता चलेगा।

**CCTV फुटेज खंगाल रही पुलिस:** घटना की जानकारी मिलते ही दुकानदार ने फुलवारी शरीफ थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू किया है, ताकि चोरों की पहचान हो सके।

**FSL टीम ने जुटाए वैज्ञानिक साक्ष्य:** पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम की मदद ली है। वैज्ञानिक जांच के जरिए चोरों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वारदात में कितने लोग शामिल थे और आरोपी किस रास्ते से दुकान तक पहुंचे और वारदात के बाद किस दिशा में फरार हुए।

**रात में गश्त बढ़ाने की मांग:** ज्वेलरी दुकान में चोरी की घटना के बाद आसपास के दुकानदारों में भी चिंता है। स्थानीय दुकानदारों ने बाजार और मुख्य मार्ग पर रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# राधा रानी का सहस्त्र नदी के जल दक्षिणावर्ती शंख से महाभिषेक

**एजेंसी, पटना**

पटना के इस्कॉन मंदिर में कल राधाष्टमी धूम-धाम से मनाई जाएगी। इसे लेकर भव्य आयोजन किया जाएगा। सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक कथा होगी। राधा रानी का सहस्त्र नदी के जल और दक्षिणावर्ती शंख से महाभिषेक किया जाएगा। 11 बजे से अभिषेक शुरू हो जाएगा, जो कि 1 बजे तक चलेगी। इसके बाद राधा रानी की आरती उतारी जाएगी और छप्पन भोग का प्रसाद भोग के रूप में लगाया जाएगा। फिर कीर्तन किया जाएगा। इसके बाद 1 बजे से भक्तों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है।

इस्कॉन मंदिर के टेंपल मैनेजमेंट काउंसिल मेंबर राधापति चरण दास ने कहा कि कृष्ण जनमाष्टमी के ठीक 15 दिन बाद राधाष्टमी मनाया जाता है। इस दिन राधा रानी का अवतरण



दिवस होता है। जन्म इसलिए नहीं कहेंगे क्योंकि कहते हैं कि भगवान का जन्म और कर्म दोनों ही दिव्य होता है। इसलिए हम कहते हैं कि राधा रानी का अवतरण दिवस है। राधा रानी भगवान की तीन शक्ति हैं, जिसमें अंतरंगा, बहिरंगा और तटस्था शामिल है। ऐसे में राधा रानी भगवान की अंतरंग शक्ति हैं।

उन्होंने आगे कहा कि जितना जन्माष्टमी महत्वपूर्ण है, उतना ही राधा अष्टमी भी। लोग राधे-राधे तो करते हैं, लेकिन उन्हें यह भी जानना चाहिए कि राधा कौन थी और कहां से आई और क्यों आई।

# अनंत सिंह बोले-नीरज ने मेरे घर एके-47 रखवाई

**एजेंसी, पटना**

नीतीश कुमार की पार्टी JDU ने आज विधायकों-विधान पार्षदों की एक बैठक बुलाई। बैठक में सभी विधायकों और विधान पार्षदों को बुलाया गया था, लेकिन केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और मोकामा विधायक अनंत सिंह मीटिंग में शामिल नहीं हुए। बैठक में उपस्थित नेताओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने कहा कि जिस नीति और दिशा के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने पार्टी को आगे बढ़ाया है। JDU उसी नीति और विचारधारा के साथ आगे बढ़ेगी। यानी गठबंधन अपनी जगह है, लेकिन पार्टी की राजनीतिक पहचान और नीतिगत फैसले अपनी जगह है।

मीटिंग के बाद पार्टी के राष्ट्रीय



कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि 2005 के पहले इकोनामिक फ्रंट पर जो बिहार की स्थिति थी, उसके बारे में बताया गया है। बिहार की इकॉनमी ग्रोथ और कहां कमी है, इन सब के बारे में बात हुई। ललन सिंह के बैठक में नहीं शामिल होने पर उन्होंने कहा कि ये बैठक विधान मंडल दल की थी। सांसदों को नहीं बुलाया गया था। मेरी बात उनसे हो रही है, कल शाम में भी उनसे बातचीत हुई थी।

# पटना- रुकनपुरा मेट्रो स्टेशन पर डी-वॉल का काम तेज

## अंडरग्राउंड स्ट्रक्चर के लिए लगा रहे री-इन्फोर्समेंट स्टील केज, अंडरग्राउंड स्टेशन के लिए नींव बना रहे

**एजेंसी, पटना**

पटना मेट्रो के रुकनपुरा स्टेशन पर निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। अंडरग्राउंड स्टेशन के मजबूत ढांचे के लिए डायफ्राम वॉल (डी-वॉल) का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में साइट पर बड़े-बड़े स्टील री-इन्फोर्समेंट केज को क्रेन की मदद से उठाकर निर्धारित स्थान पर लगाया जा रहा है।

**भारी क्रेन से स्टील केज की हो रही सटीक फिटिंग:** मेट्रो स्टेशन के अंडरग्राउंड हिस्से को मजबूत बनाने में डायफ्राम वॉल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसके लिए तैयार किए गए विशाल स्टील केज को भारी क्षमता वाली क्रेन से सावधानीपूर्वक उठाया जाता है। इसके बाद इंजीनियरों और तकनीकी टीम की निगरानी में इन्हें तय स्थान पर स्थापित किया जाता है।

**अंडरग्राउंड स्टेशन की मजबूत नींव तैयार होगी:** री-इन्फोर्समेंट केज स्थापित होने के बाद डी-वॉल निर्माण की अगली प्रक्रिया शुरू होती है। धीरे-धीरे यही संरचना अंडरग्राउंड स्टेशन की दीवारों और पूरे ढांचे को मजबूती प्रदान करेगी। निर्माण के प्रत्येक चरण में स्टील संरचनाओं की सही स्थिति और मजबूती सुनिश्चित की जा रही है।

**मोइन-उल-हक स्टेडियम से जंक्शन तक अप लाइन टनल तैयार:** वहीं, मोइन-उल-हक स्टेडियम मेट्रो स्टेशन से पटना जंक्शन मेट्रो स्टेशन तक अप लाइन में करीब 5.2 किलोमीटर अंडरग्राउंड टनलिंग का काम पूरा हो



गया है। PC-03 के तहत 9वें टनल बोरिंग मशीन (TBM) ब्रेकथ्रू के साथ ये उपलब्धि हासिल हुई। इस उपलब्धि के साथ TBM-1 ने इस हिस्से में अपनी टनलिंग यात्रा पूरी कर ली। मोइन-उल-हक से पटना जंक्शन तक अंडरग्राउंड कॉरिडोर तैयार होने से राजधानी के प्रमुख हिस्सों को मेट्रो नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में काम आगे बढ़ा है।

**जू स्टेशन का डिजाइन बदलेगा:** दूसरी ओर पटना जू के पास मेट्रो का स्टेशन बन रहा है। इसके डिजाइन में बदलाव हो रहा है। अधिकारियों के मुताबि, पटना जू के पास बने मेट्रो शाफ्ट में सुरंग बनाने के लिए चार टीबीएम नवंबर में डाली जाएगी। यहां से दो टीबीएम पूरब दिशा की ओर निकलकर पटना जंक्शन की तरफ अप-डाउन सुरंग बनाएगी। दो टीबीएम पश्चिम दिशा में रूकनपुरा स्टेशन तक अप-डाउन सुरंग बनाते हुए जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में 48 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**बीएनएम@ मोतिहारी**। शहर के समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन भवन सभागार में शुक्रवार को 'जनता के दरबार में जिला प्रशासन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 48 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं की सुनवाई जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने की। जनता दरबार के दौरान ही जिलाधिकारी श्री यादव ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को प्राप्त शिकायतों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आज प्राप्त आवेदनों पर संबंधित पदाधिकारियों के स्तर से आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्याओं का विधिसम्मत एवं शीघ्र निदान सुनिश्चित किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद तथा राजस्व विभाग से संबंधित मामले सामने आए। जिलाधिकारी ने इन मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए आवेदन संबंधित विभागों को भेजने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को दिया। कार्यक्रम में एडीएम पीजीआरओ शैलेंद्र कुमार भारती, एडीएम विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### गैस सिलेंडर में आग लगने पर कैसे करें बचाव, अग्निशमन विभाग ने कराया मॉक ड्रिल



**बीएनएम@ मोतिहारी**। अग्निशमन विभाग की ओर से आग से सुरक्षा और आपातकालीन स्थिति में बचाव के उपायों को लेकर नगर निगम मोतिहारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय चैलाहा एवं होटल मॉल में बड़े स्तर पर मॉक ड्रिल का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी, मोतिहारी के नेतृत्व में लोगों को आग से बचाव और सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रदर्शित किया गया कि गैस सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में किस प्रकार सावधानी बरतते हुए आग पर काबू पाया जा सकता है। वहीं, भवन या बहुमंजिली इमारत में आग लगने की स्थिति में रेस्क्यू ऑपरेशन के जरिए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के तरीकों का भी प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई, बचाव एवं राहत कार्य के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधान अग्निक पिन्टू राय, अग्निक चालक भीम कुमार एवं अग्निक मुकेश पंडित समेत अन्य कर्मियों की भूमिका रही। जिला अग्निशमन पदाधिकारी ने लोगों से अपील की कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचना दें। इसके लिए मोतिहारी जिला अग्निशमन विभाग के दूरभाष नंबर 7485805980 एवं 7485805981 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा आपात स्थिति में 101 या 112 डायल कर भी आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### दीपों से जगमगाया विद्यालय परिसर, बच्चों ने लिया स्वच्छता और राष्ट्र निर्माण का संकल्प



**बीएनएम@ मोतिहारी**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत प्रखंड के सभी सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय मुरला (+2) में गुरुवार संध्या 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाम होते ही विद्यालय परिसर दीपों की रोशनी से रोशन हो उठा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. सद्दाम के नेतृत्व में शिक्षक अरविंद गिरी, राकेश कुमार, श्याम कुमार, राजकुमार प्रसाद और लिपिका इशरत फातिमा की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने दीप प्रज्वलित किए। इस अवसर पर बच्चों को सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य, स्वच्छता, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का माहौल पूरी तरह ऊर्जावान रहा।

# फर्जी नियुक्ति आरोप : एमजीसीयू कुलपति नियुक्ति पर उठे सवाल, हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

बीएनएम@ सागर सूरज

**मोतिहारी**। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव की नियुक्ति से जुड़ा मामला एक बार फिर चर्चा में है।

नियुक्ति के लिए निर्धारित योग्यता पूरी होने को लेकर पटना हाईकोर्ट में दायर याचिका पर सुनवाई के बाद न्यायालय ने कुलपति समेत संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है।

इसके बाद उच्च शिक्षा जगत में इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

**17 सितंबर को हुई सुनवाई-** CWJC No. 7146 of 2026, डॉ. संदीप पहल बनाम यूनियन ऑफ इंडिया मामले में 17 सितंबर को न्यायमूर्ति अजीत कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने याचिका में लगाए गए आरोपों पर विस्तृत पैरा-वाइज जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। अदालत ने प्रतिवादी संख्या-5 प्रो. संजय श्रीवास्तव को साधारण डाक और एडी के साथ रजिस्टर्ड पोस्ट, दोनों माध्यमों से नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। संबंधित दस्तावेज दो सप्ताह में दाखिल करने को कहा गया है।

बताया गया कि मामले की अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।



**10 साल के प्रोफेसर अनुभव पर विवाद-** याचिकाकर्ता ने यूजीसी रेगुलेशन, 2018 की धारा 7.3(i) का हवाला देते हुए कुलपति पद के लिए प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष के अनुभव की शर्त पर सवाल उठाया है। नियम में कुलपति के लिए विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में कम-से-कम 10 वर्ष का अनुभव या प्रतिष्ठित शोध एवं अकादमिक/प्रशासनिक संगठन में समान अवधि का अनुभव और अकादमिक नेतृत्व का प्रमाण निर्धारित है।जबकि आरोप के अनुसार कुलपति की अनुभव 10 वर्ष से काफ़ी है।

याचिका के अनुसार, एमजीसीयू कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 20 जून 2022 थी।

याचिकाकर्ता का दावा है कि बीएचयू की कार्यपरिषद ने प्रो. संजय श्रीवास्तव की एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर पदोन्नति को 4 अक्टूबर 2012 को मंजूरी दी और 5 अक्टूबर 2012 को अधिसूचना जारी हुई। इसी आधार पर याचिकाकर्ता ने तर्क दिया है कि आवेदन की अंतिम तिथि तक 10 वर्ष का वास्तविक प्रोफेसर अनुभव पूरा नहीं हुआ था।

**पुराने न्यायिक फैसलों का हवाला-** याचिका में पटना हाईकोर्ट के वर्ष 2015 के राम तवक्या सिंह बनाम बिहार राज्य मामले तथा सुप्रीम कोर्ट के Union of India v. M. Bhaskar फैसले का भी हवाला दिया गया है।

याचिकाकर्ता ने इन फैसलों के आधार पर वास्तविक अनुभव और नोशनल अथवा पूर्वप्रभावी पदोन्नति के आधार पर अनुभव की गणना को लेकर अपना पक्ष रखा है।

हालांकि, इन दावों पर अंतिम न्यायिक निष्कर्ष अभी नहीं आया है। हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों से जवाब मांगा है और अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

**विश्वविद्यालय प्रशासन की प्रतिक्रिया-** मामले पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से कहा गया है कि यदि अदालत की ओर से ऐसी कोई नोटिस जारी हुई है तो उसका जवाब विधि-सम्मत तरीके से दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की ओर से मामले में न्यायालय के समक्ष अपना पक्ष रखने की बात कही गई है।

फिलहाल नियुक्ति की वैधता और निर्धारित योग्यता पूरी होने का प्रश्न न्यायालय के विचाराधीन है। अगली सुनवाई और संबंधित पक्षों के जवाब के बाद ही मामले की स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

## सांसद खेल महोत्सव 2026 में एथलेटिक्स व वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

बीएनएम@ मोतिहारी

सांसद खेल महोत्सव- 2026 के तहत शुक्रवार को शहर के गांधी मैदान में एथलेटिक्स एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन गिरी ने दीप प्रज्वलित कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उक्त अवसर पर खिलाड़ियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री गिरी ने कहा कि युवाओं के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनका शारीरिक विकास भी आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों से मशाल खेल में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विद्यालयों में खेल गतिविधियों को प्राथमिकता दी है। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम



से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को खेल के क्षेत्र में प्रतिभागिता के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव-2026 का आयोजन मोतिहारी में 1 सितंबर से 8 अक्टूबर तक किया जा रहा है। महोत्सव के दौरान कबड्डी, एथलेटिक्स, शतरंज, वुशु, जूडो, थांग-ता, साइक्लिंग, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस एवं भारोत्तोलन सहित कुल 13 खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम में सांसद खेल महोत्सव- 2026 के संयोजक भानु प्रकाश, सह-संयोजक अरविंद कुमार एवं अप्पु कुमार के अलावा शैलेन्द्र मिश्र बाबा, अमित कश्यप, अरुण गुप्ता, रवि कुमार सिंह, अंशु यादव, विपुल आनंद, विजय कुमार राय, गुड़िया रानी, रश्मि कुमारी, धनंजय कुमार, अमित राज, राजन कुमार, श्वेतांजली सहित विभिन्न खेलों के खेल विशेषज्ञ एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मोदी के जन्मदिवस पर 62 मेमेंटो की प्रदर्शनी




» मोदी मेमेंटो म्यूजियम में उमड़ी भीड़, अतिथियों ने किया उद्घाटन

बीएनएम@ मोतिहारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 77वें जन्मदिवस एवं 25 वर्षों के संकल्प दिवस के पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को मोदी मेमेंटो म्यूजियम परिसर में 62 मेमेंटो और उनसे संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन उपमेयर लालबाबू प्रसाद, आचार्य डॉ. शंभूनाथ सीकरिया, पूर्व भाजपा किसान मंच अध्यक्ष अखिलेश सिंह, जदयू महासचिव दीपक पटेल, अधिवक्ता अमरनाथ प्रसाद, प्राचार्या प्रीति दूबे एवं म्यूजियम के संस्थापक यमुना सीकरीया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान मिठाइयां भी बांटी गईं। यमुना सीकरीया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को मिले स्मृति चिह्नों को संग्रहित कर म्यूजियम की स्थापना की गई है। प्रदर्शनी का उद्देश्य नई पीढ़ी को उनके व्यक्तित्व एवं कार्यों से परिचित कराना और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूक करना है। वहीं उपमेयर लालबाबू प्रसाद ने मोदी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए लोगों से उनके जन्मदिवस पर दीप जलाने की अपील की। अखिलेश सिंह ने कहा कि 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम में यमुना सीकरीया ने अतिथियों को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। प्राचार्या प्रीति दूबे ने संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

## 71वीं वाहिनी एसएसबी में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई विश्वकर्मा पूजा

बीएनएम@ मोतिहारी

71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा प्रफुल्ल कुमार, कमांडेंट के मार्गदर्शन में वाहिनी मुख्यालय, पीपराकोठी सहित सभी सीमा चौकियों पर गुरुवार को श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ श्री विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया। हिंदू धर्म में भगवान विश्वकर्मा की पूजा का विशेष महत्व है। भगवान विश्वकर्मा को देवताओं के वास्तुकार, शिल्पकार एवं निर्माण कला के अधिष्ठाता देवता के रूप में पूजा जाता है। यह पर्व तकनीकी कौशल, निर्माण कार्य, शिल्पकला, परिश्रम एवं सृजनशीलता के प्रति सम्मान का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना से कार्यों में सफलता, समृद्धि, सुख-शांति एवं खुशहाली का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस



पावन अवसर पर वाहिनी मुख्यालय परिसर में विधि-विधान के साथ भगवान श्री विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई। तत्पश्चात वाहिनी के अधिकारियों, बलकर्मियों एवं संदीक्षा सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान भगवान विश्वकर्मा से वाहिनी के सभी अधिकारियों, बलकर्मियों एवं उनके परिवारजनों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। पूजा-अर्चना के उपरांत धार्मिक विधि-विधान के अनुसार हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। हवन में उपस्थित अधिकारियों, बलकर्मियों एवं संदीक्षा सदस्यों ने श्रद्धापूर्वक आहुति देकर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही वाहिनी की निरंतर प्रगति, सभी कार्यों में सफलता तथा समस्त बल परिवार की सुख-शांति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर वाहिनी परिसर में भंडारा एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, बलकर्मियों, संदीक्षा सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वाहिनी मुख्यालय परिसर भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण से सराबोर रहा। श्री विश्वकर्मा पूजा के माध्यम से वाहिनी के सभी कार्मिकों ने श्रद्धा, एकता, समर्पण एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा वाहिनी की प्रगति में निरंतर योगदान देने का संकल्प लिया।

## इंजन-चेसिस नंबर मिटाकर घर में छिपाई स्कॉर्पियो, बेचने को ग्राहक तलाश रहा था युवक; गिरफ्तार

बीएनएम@ मोतिहारी

हरसिद्धि थाना क्षेत्र के ओलहा मेहता टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर इंजन और चेसिस नंबर मिटाई गई एक स्कॉर्पियो बरामद की है। पुलिस ने वाहन रखने और उसकी खरीद-बिक्री के लिए ग्राहक तलाशने के आरोप में छोटन कुमार (28) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिली थी कि ओलहा मेहता टोला में छोटन कुमार अपने घर में चोरी की स्कॉर्पियो छिपाकर रखा है और उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। इस दौरान एक स्कॉर्पियो बरामद हुई, जिसका इंजन नंबर और चेसिस नंबर दोनों मिटे हुए पाए गए। पुलिस के



मुताबिक, बरामद वाहन के संबंध में छोटन कुमार कोई वैध कागजात भी प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने उसे चोरी के वाहन को रखने तथा उसकी खरीद-बिक्री के लिए ग्राहक तलाशने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई कर स्कॉर्पियो बरामद की गई है। वाहन के इंजन और चेसिस नंबर मिटे हुए हैं तथा उसके संबंध में कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है और मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## डीएलएसए सचिव ने किया पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण, भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता पर विशेष निर्देश

बीएनएम@ मोतिहारी

जिला विधिक सेवा प्राधिकार मोतिहारी के सचिव नितिन त्रिपाठी ने गुरुवार को अपराह्न पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया। उक्त निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां रह रहे बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता एवं पौष्टिकता का जायजा लिया तथा भोजन की गुणवत्ता को निरंतर बेहतर बनाए रखने का निर्देश दिया। सचिव ने पर्यवेक्षण गृह परिसर में स्वच्छता व्यवस्था पर विशेष जोर देते हुए नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, शौचालयों का समुचित रख-रखाव करने तथा परिसर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने दीवारों की आवश्यक मरम्मत एवं पेंटिंग कराने तथा जिन स्थानों पर दीवारों




में सीलन (डैम्प) है, वहां उसके स्थायी समाधान के साथ आवश्यक मरम्मत कराने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। श्री त्रिपाठी ने नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्था की जांच एवं सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया, ताकि पर्यवेक्षण गृह में रह रहे बच्चों के लिए सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर विधिक सहायता डेस्क का भी निरीक्षण किया गया। सचिव ने विधिक सहायता से संबंधित विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का अवलोकन किया तथा निर्देश दिया कि पात्र बच्चों को समय पर निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। साथ ही, सभी संबंधित अभिलेखों एवं रजिस्टरों का नियमित एवं अद्यतन संधारण सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य पर्यवेक्षण गृह में रह रहे बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित, स्वस्थ एवं गरिमापूर्ण वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके विधिक अधिकारों तथा विधिक सहायता तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना था।

## सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का शुभारंभ

### छठ से पहले विद्यालयों व सार्वजनिक भवनों की रंगाई-पुताई व मरम्मती का लक्ष्य

बीएनएम@ मोतिहारी

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना में आयोजित कार्यक्रम में शुक्रवार को सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अभियान से संबंधित पोर्टल एवं मोबाइल ऐप भी जारी किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों में किया गया। पूर्वी चंपारण में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था समाहरणालय स्थित एनआईसी में की गई थी। इस दौरान जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव, नगर आयुक्त आशीष कुमार, सहायक समाहर्ता राजकृष्ण झा, सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, डीआरडीए के निदेशक



डॉ. कुंदन कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे। अभियान के तहत ग्रामीण विकास, शिक्षा, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण, नगर विकास एवं आवास, पंचायती राज, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण तथा स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी सार्वजनिक सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों को बेहतर और स्वच्छ बनाने पर जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही आवश्यकतानुसार नई आधारभूत संरचनाओं का निर्माण भी कराया जाएगा। अभियान के तहत छोटे-मोटे कार्यों, रंगाई-पुताई एवं मरम्मती को प्राथमिकता देते हुए इन्हें 30 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विद्यालयों, सामुदायिक भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों, छात्रावासों, स्वास्थ्य केंद्रों समेत अन्य सरकारी भवनों में आवश्यकता के अनुसार रंगाई-पुताई एवं मरम्मती कार्य कराए जाएंगे। निर्देश दिया गया है कि महापर्व छठ से पहले इन कार्यों को पूरा कर लिया जाए। वहीं, नई आधारभूत संरचनाओं के निर्माण से संबंधित कार्यों को 31 मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की मरम्मती एवं रंग-रोगन के कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने प्रधान सचिव से की मुलाकात

**बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं को रखा**



**बीएनएम@ समस्तीपुर** । मोहिउद्दीन नगर विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक राजेश कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याओं को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। विधायक ने सूची से छूटे हुए जरूरतमंद परिवारों और पात्र विधवा महिलाओं के नाम राहत सूची में शामिल करने की जोर-जोर से मांग उठाई।इसके साथ ही उन्होंने बाढ़ के दौरान विस्थापित होने वाले लोगों और पशुओं की सुरक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में ऊंचे टीलों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि आपदा के समय उन्हें सुरक्षित रखा जा सके। प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए और समस्याओं के त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों को राहत दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### 26 सितंबर को गन्ना किसानों का विशाल धरना

**ईख उत्पादक संघ ने बनाई रणनीति**




**बीएनएम@ बेतिया**: बिहार राज्य ईख उत्पादक संघ की लौरिया चीनी मिल क्षेत्रीय कमिटी की बैठक बासोपट्टी में मनोज कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें 26 सितंबर को बेतिया डीएम कार्यालय के समक्ष होने वाले विशाल किसान धरना की रणनीति बनाई गई। बैठक में महासचिव प्रभुराज नारायण राव ने केंद्र सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए गन्ने का न्यूनतम मूल्य 650 रुपये प्रति क्विंटल करने, घटतौली रोकने और चीनी-इथेनॉल व बिजली के मुनाफे में किसानों को आधी हिस्सेदारी देने की मांग उठाई।जिला सचिव म. वहीद ने बताया कि इस धरने को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रभुराज नारायण राव और राष्ट्रीय संयुक्त सचिव विनोद कुमार संबोधित करेंगे। बैठक में योगापट्टी और लौरिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसानों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस दौरान रामायण शर्मा, सहोदरी देवी, शांति देवी और छोटा पांडेय समेत कई किसान उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त युवा से ही बनेगा विकसित भारत : डॉ. विधान चंद्र भारती



**बीएनएम@ समस्तीपुर** । समस्तीपुर के जीएमआरडी कॉलेज, मोहनपुर में एनएसएस इकाई द्वारा 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया गया। सितंबर से दिसंबर 2026 तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) विधान चंद्र भारती ने की, जबकि बघड़ा पंचायत के मुखिया रणवीर राय मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि ने बघड़ा पंचायत को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से स्वयं दूर रहने और 10 अन्य लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। एनएसएस पदाधिकारी डॉ. लक्ष्मण यादव ने बताया कि आगामी 100 दिनों तक जागरूकता रैलियां, नुक्कड़ नाटक और योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

### ईवी रामास्वामी की जयंती मनाई गई

**सामाजिक समरसता का लिया संकल्प**



**बीएनएम@ समस्तीपुर**। मोहिउद्दीन नगर प्रखंड क्षेत्र के बलथर गांव में सामाजिक चिंतक एवं समाज सुधारक ईवी रामास्वामी की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उनके विचारों और सामाजिक सुधार के प्रयासों को याद करते हुए सामाजिक समरसता, समानता और आपसी भाईचारे को मजबूत करने की शपथ ली। समारोह में वक्ताओं ने उनके जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में सद्भाव और जागरूकता बढ़ाने के लिए उनके विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। इस कार्यक्रम में अजय आडवाणी, अमर प्रकाश, पिंकी देवी, पल्लवी कुमारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। उपस्थित सभी लोगों ने ईवी रामास्वामी के सामाजिक विचारों को आगे बढ़ाने और समाज में समानता का वातावरण बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

### मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**बीएनएम@शेखपुरा**. शेखपुरा थाना पुलिस ने मारपीट और अन्य संगीन धाराओं से जुड़े मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चितौड़ा निवासी शिव कुमार शर्मा के 20 वर्षीय पुत्र मोनु कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी शेखपुरा थाना कांड संख्या 242/26 (दिनांक 17 सितंबर 2026) में नामजद अप्राथमिकी अभियुक्त था, जिस पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित छापेमारी दल ने यह कार्रवाई की, जिसके बाद आरोपी को विधिवत न्यायिक प्रक्रिया के तहत भेज दिया गया है।

पटना : बिहार पुलिस चालक भर्ती में खाली पदों और परीक्षा शेड्यूल को लेकर अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

# महिला आरक्षित कोटे की रिक्त सीटों को योग्य पुरुष अभ्यर्थियों से भरने की मांग

» मांगें पूरी नहीं होने पर राज्य स्तर पर व्यापक विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी
» पारदर्शिता और त्वरित निर्णय की मांग को लेकर सड़क पर उतरे हजारों छात्र

**बीएनएम@ पटना**

बिहार पुलिस में चालक सिपाही के 4361 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में सीट आवंटन, ड्राइविंग टेस्ट की समय-सारिणी और रिक्तियों को लेकर शुक्रवार को पटना के गर्दनीबाग में हजारों अभ्यर्थियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रक्रिया में आ रही इन समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में इस आंदोलन को और अधिक व्यापक व तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों का मुख्य मुद्दा कुल 1439 महिला आरक्षित पदों का खाली रहना है, क्योंकि लिखित और शारीरिक दक्षता परीक्षा में कम संख्या में महिलाओं के सफल होने के कारण लगभग 1200 से 1300 पद रिक्त रहने की स्थिति बन गई है।



अभ्यर्थियों की मांग है कि नियमों के तहत यदि इन रिक्त महिला पदों पर योग्य पुरुष अभ्यर्थी उपलब्ध हैं, तो उन्हें नियुक्ति का अवसर दिया जाना चाहिए, अन्यथा अगली भर्ती में इन्हें शामिल करने से वर्तमान भर्ती के सफल पुरुष अभ्यर्थियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थियों ने ड्राइविंग टेस्ट के परीक्षा केंद्रों के निर्धारण और शेड्यूल में स्पष्टता के अभाव पर भी गहरी आपत्ति जताई, जिससे उन्हें भारी मानसिक व शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर विरोध जता रहे इन अभ्यर्थियों ने सरकार तथा केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) से पूरी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और रिक्त पदों पर तत्कालिन एवं स्पष्ट निर्णय लेने की पुरजोर मांग की है। छात्रों के इस बड़े प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन द्वारा गर्दनीबाग क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी, ताकि कानून-व्यवस्था दुरुस्त रहे और यातायात सामान्य रूप से संचालित हो सके। अभ्यर्थियों ने स्पष्ट शब्दों में कह दिया है कि यदि उनकी न्यायसंगत मांगें समय रहते पूरी नहीं की जाती हैं, तो वे अपने आंदोलन को राज्य स्तर पर और अधिक उग्र रूप देने के लिए बाध्य होंगे।

## हरहा नदी में डूबने से मैनेजर मुखिया की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश



**बीएनएम@ नवलपुर**

नवलपुर थाना क्षेत्र के कौलापुर वार्ड नंबर 15 निवासी 45 वर्षीय मैनेजर मुखिया की बुधवार की रात हरहा नदी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। वह श्राद्ध भोज खाकर नदी पार कर अपने घर लौट रहे थे, तभी अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने नदी में उनका शव देखा, जिससे पूरे गांव में मातम छा गया। मृतक नदी में मछली पकड़कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और अपने पीछे पत्नी व तीन बेटियों को छोड़ गए हैं।घटना के बाद ग्रामीणों में हरहा नदी पर पुल नहीं होने को लेकर भारी नाराजगी देखी गई। संदीप कुमार मुखिया, भोला ठाकुर, भुटकुन चौधरी समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पुल न होने के कारण बरसात के दिनों में बलुआ नेवाज राय के करीब 80 परिवारों और आम लोगों को जान जोखिम में डालकर नदी पार करनी पड़ती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सांसद सुनील कुमार और विधायक विनय बिहारी द्वारा पुल बनवाने का पहले आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य नहीं हुआ है। सूचना मिलने पर पहुंची नवलपुर और योगापट्टी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# 'युवा बोले तो' में जुटेंगे हजारों युवा, ऐतिहासिक भागीदारी का दावा

**बीएनएम@ रामगढ़वा**

पटना के वेटनरी कॉलेज ग्राउंड में आगामी 24 सितंबर को आयोजित होने वाले लोजपा (रामविलास) के 'युवा बोले तो' कार्यक्रम को लेकर पार्टी ने तैयारी तेज कर दी है। शुक्रवार को रामगढ़वा स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर पंकज कुमार पांडेय उर्फ लोहा पांडेय ने दावा किया कि कार्यक्रम में युवाओं की ऐतिहासिक भागीदारी होगी। पंकज पांडेय ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की युवाओं के प्रति सकारात्मक सोच को केंद्र में रखकर 'युवा बोले तो' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता



पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' विजन को जन-जन तक पहुंचाएं। इसके लिए गांव-गांव और क्षेत्र स्तर पर युवाओं से संपर्क करने पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान कार्यक्रम की तैयारियों और युवाओं की अधिकतम भागीदारी को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की गई। इस दौरान राजदेव पासवान, जगजीवन पासवान, अजीत पासवान, मनप्रीत ठाकुर, संतोष सर्राफ, अर्जुन गिरी, टिंकू मिश्र, मनोज पासवान, नागेश्वर निराला और रंजन पासवान समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाहरणालय डीएम ने सुनीं 86 शिकायतें



**कई मामलों का मौके पर निपटारा**

**बीएनएम@ बेतिया**

पश्चिम चम्पारण समाहरणालय परिसर में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 86 शिकायतों पर सुनवाई हुई, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में शेख नेजामुद्दीन, मनोरमा देवी, चन्द्रेश्वर मिश्रा और रामजी राउत सहित कई फरियादियों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं, जिनमें सबसे अधिक शिकायतें राजस्व एवं भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली, पेयजल और सड़क निर्माण से जुड़ी रहीं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों की गंभीरता से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, क्योंकि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रोचना माद्री सहित कई जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक-कार टक्कर के बाद खूनी संघर्ष

**बीएनएम@ शेखपुरा**

» क्रेशर के पास ताबड़तोड़ फायरिंग



चेवाड़ा थाना क्षेत्र के माने गांव स्थित क्रेशर के पास बाइक और कार की टक्कर के बाद उपजे विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहाँ दोनों पक्षों के बीच हुई तीखी नोकझोंक के बाद कई राउंड गोलियां चलने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की शुरुआत बरारीबीघा निवासी नकुल कुमार की बाइक और चकदीवान मोहल्ला निवासी रंजीत कुमार यादव की कार की टक्कर से हुई, जिसमें बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और नकुल घायल हो गए। इसके बाद जब घायल के समर्थक मुआवजे की मांग को लेकर क्रेशर पर पहुंचे, तो विवाद बढ़ गया और आरोप है कि रंजीत यादव के कहने पर उनके पुत्र लक्ष्मण कुमार यादव ने अपने लाइसेंसी हथियार से कई चक्र फायरिंग कर दी। हालांकि गनीमत रही कि इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और रंजीत कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही घटनास्थल से हथियार, खोखा और अतिरिक्त गोलियां भी बरामद की गईं। चेवाड़ा थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में पिता-पुत्र दोनों को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है और पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।

## पूर्वा एक्सप्रेस और अमृतसर-हावड़ा मेल समेत 383 ट्रेनों का रूट बदला

» पटना जंक्शन पर नहीं रुकेंगी कई ट्रेनें

**बीएनएम@ पटना**



दीवाली और छठ पर्व से ठीक पहले पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर और सोनपुर मंडल में चल रहे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों के कारण 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक 383 ट्रेनों के परिचालन में व्यापक बदलाव किया गया है। मोकामा में पुराने राजेंद्र पुल के समानांतर नवनिर्मित डबल लाइन रेल पुल को मौजूदा रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए प्री-एनआई और एनआई कार्य कराया जा रहा है, जिससे यात्री सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं और पटना जंक्शन, मोकामा, बाढ़ तथा बरौनी जैसे प्रमुख स्टेशनों पर उनका ठहराव रद्द कर दिया गया है। इस निर्माण कार्य से पटना-मोकामा रेलखंड सबसे अधिक प्रभावित रहेगा, जिसके चलते ट्रेनों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया-किऊल और दानापुर-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-शाहपुर पटोरी-बरौनी जैसे वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, त्योहारी सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और राहत पहुंचाने के लिए रेलवे ने नई दिल्ली-दानापुर, अमृतसर-बरौनी और योगनगरी ऋषिकेश-कोलकाता समेत कई विशेष ट्रेनों के फेरे और परिचालन को बढ़ाने का निर्णय लिया है, ताकि निर्माण कार्य के बावजूद यात्रियों को सुगम आवागमन की पर्याप्त सुविधा मिल सके।

## कुएं में गिरने से 54 वर्षीय संजीव कुमार सिंह की मौत, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव



**बीएनएम@ पताही**

प्रखंड क्षेत्र की जिहुली पंचायत के वार्ड संख्या- 05 निवासी संजीव कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह (54) की कुएं में गिरने से मौत हो गई। बताया जाता है कि पैर फिसलने के कारण वह कुएं में जा गिरे, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मिलते ही पताही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और करीब 14 वर्षीय पुत्र को छोड़ गए हैं। बताया जा रहा है कि संजीव कुमार सिंह परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके असामयिक निधन से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण शोकाकुल परिवार के घर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। हादसे से परिजनों और ग्रामीणों में गहरा दुःख व्याप्त है।

# जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को दिए गए स्वच्छता के गुर

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम पर कार्यशाला आयोजित**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ शहर के निर्माण के लिए ठोस कचरे का वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित प्रबंधन आवश्यक है, जिसके उद्देश्य से शुक्रवार को विधि महाविद्यालय, समस्तीपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 पर एक जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। नगर निगम प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन महापौर अनीता राम, उप महापौर रामबालक पासवान, उप विकास आयुक्त सूर्य प्रताप सिंह, नगर आयुक्त गौतम कुमार और उप नगर आयुक्त विभूति कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में डीडीसी सूर्य प्रताप सिंह ने घर-घर से कचरे का पृथक्करण और उसके वैज्ञानिक निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि इसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासन



और आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। महापौर अनीता राम और नगर आयुक्त गौतम कुमार ने भी स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा जनभागीदारी बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक डॉ. संजय गुप्ता ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के विभिन्न प्रावधानों, कचरे के संग्रहण, परिवहन, पुनर्चक्रण और सुरक्षित निस्तारण की प्रक्रियाओं को व्यावहारिक उदाहरणों से समझाया। कार्यक्रम के अंत में उप महापौर रामबालक पासवान ने धन्यवाद ज्ञापन किया तथा अतिथियों को सम्मानित किया गया, जिसमें विभिन्न नगर निकायों के जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# समाहरणालय में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**अधिकारियों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**

समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। इस दौरान भूमि एवं राजस्व, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत और जन वितरण प्रणाली से जुड़ी समस्याएं सामने आईं, जिन्हें डीएम ने गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित और नियमानुसार समाधान का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जन संवाद में प्राप्त आवेदनों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिए तथा किसी भी स्तर



पर अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही, प्रत्येक आवेदक को उनकी शिकायत पर की गई कार्रवाई की जानकारी देने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर पात्र लाभुकों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी विष्णु देव मंडल सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारत-अफगानिस्तान 'द फ्रेंडशिप कप' पर रोहन जेटली ने जताया उत्साह, कहा- क्रिकेट ने दोनों देशों को करीब लाने में निभाई अहम भूमिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने भारत और अफगानिस्तान के बीच खेली गई 'द फ्रेंडशिप कप' टी-20 श्रृंखला के सफल आयोजन पर खुशी जताई है। उन्होंने भारत को तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह श्रृंखला क्रिकेट के शानदार उत्सव के साथ-साथ दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्तों की भी अभिव्यक्ति बनी। रोहन जेटली ने कहा, "भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ यादगार 3-0 की श्रृंखला जीत के लिए बधाई। 'द फ्रेंडशिप कप' क्रिकेट का शानदार उत्सव रहा। अरुण जेटली स्टेडियम में तीनों मैचों के दौरान 85 हजार से अधिक दर्शकों की भारी मौजूदगी देखकर बेहद खुशी हुई। अफगानिस्तान से भी हजारों प्रशंसक इस अवसर का हिस्सा बनने के



लिए दिल्ली पहुंचे। पूरी श्रृंखला के दौरान स्टेडियम में नजर आया शानदार माहौल दिल्ली में क्रिकेट के प्रति लोगों के जुनून को दर्शाता है।" उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ अपनी घरेलू श्रृंखला दिल्ली में खेलना दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों और लोगों को करीब लाने में खेल की भूमिका का बेहतरीन उदाहरण रहा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पड़ोसी देशों के साथ मजबूत संबंधों के दृष्टिकोण के अनुरूप भी बताया। डीडीसीए अध्यक्ष ने कहा, "हम अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के सहयोग और प्रयासों के लिए आभारी हैं, जिनकी वजह से यह श्रृंखला संभव हो सकी और दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इस यादगार अध्याय का हिस्सा बनने का अवसर मिला।" उन्होंने कहा, "हमें गर्व है कि डीडीसीए और दिल्ली भारत तथा अफगानिस्तान के बीच तीन रोमांचक मुकाबलों की मेजबानी में अपनी भूमिका निभा सके। इससे प्रशंसकों को दोनों टीमों के बीच शानदार और उच्च स्तर का क्रिकेट देखने का अवसर मिला।"

## न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन सॉयर का चार साल बाद कार्यकाल समाप्त

**एजेंसी, वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने महिला टीम की मुख्य कोच बेन सॉयर के अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। चार साल तक टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले सॉयर का कार्यकाल दिसंबर 2026 तक था, लेकिन महिला क्रिकेट की उच्च प्रदर्शन संरचना की व्यापक समीक्षा के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बदलाव का निर्णय लिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, समीक्षा में महिला टीम के लिए एक नई 'परफॉर्मेंस लीड' भूमिका की जरूरत सामने आई है। इसके अलावा, रैचल पेटिट के पास मौजूद मैनेजर का पद भी



समाप्त कर दिया गया है। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अंतरिम मुख्य कोच और टीम मैनेजर टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। स्थायी मुख्य कोच और परफॉर्मेंस लीड के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए न्यूजीलैंड की टीम की घोषणा अक्टूबर की शुरुआत में की जाएगी। सॉयर ने जून 2022 में न्यूजीलैंड महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके कार्यकाल में टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता और सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में 2024 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का ऐतिहासिक खिताब अपने नाम किया। जॉर्जिया प्लिमर, ईडन कार्सन और इज़ी गेज जैसी युवा खिलाड़ियों ने भी सॉयर के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बनीं। सॉयर ने न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के हवाले से कहा, "व्हाइट फर्न्स की कोचिंग करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा और मैं इस टीम का नेतृत्व करने का अवसर मिलने के लिए बेहद आभारी हूं। यह टीम मेरे लिए बहुत मायने रखती है और मुझे पिछले चार वर्षों में हमने जो हासिल किया, उस पर बेहद गर्व है। हालांकि टीम से अलग होने को लेकर मैं निराश हूं, लेकिन मैं टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।" न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट अधिकारी डेरिल गिब्सन ने सॉयर के योगदान की सराहना करते हुए कहा, "बेन ने व्हाइट फर्न्स के लिए बदलाव और प्रगति के महत्वपूर्ण दौर का नेतृत्व किया।

## डॉसन और बेंटन के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टी20 में श्रीलंका को छह विकेट से हराया

**एजेंसी, कार्डिफ**

लियाम डॉसन और टॉम बेंटन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में गुरुवार देर रात श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने आक्रामक शुरुआत की। पाथुम निसांका ने जोफ्रा आर्चर के पहले ही ओवर में तीन चौके जड़ दिए, जबकि लाहिरू उदारा ने भी बाद में तेजी पकड़ी। श्रीलंका ने पांचवें



ओवर के आधे पड़ाव तक 50 रन पूरे कर लिए। इंग्लैंड के कप्तान ने पावरप्ले के अंतिम ओवर में लियाम डॉसन को गेंद सौंपी और बाएं हाथ के स्पिनर ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर श्रीलंका की रफ्तार पर अंकुश लगा दिया। निसांका 37 रन बनाकर जेमी ओवरटन का शिकार बने। ओवरटन ने इसके बाद कामिंदु मेंडिस को बोल्ड किया, जबकि डॉसन ने दासुन शनाका को आउट कर श्रीलंका की मुश्किलें बढ़ा दीं। कप्तान चरिथ असलंका और वानिंदु हसरंगा ने 44 रन की साझेदारी कर श्रीलंका की पारी को संभाला। डॉसन के अंतिम ओवर में 18 रन आए, जिससे श्रीलंका ने 170 के आसपास पहुंचने की उम्मीद जगाई। हालांकि अंतिम तीन ओवरों में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। हैरी ब्रूक का आदिल राशिद को गेंद सौंपने का फैसला कारगर रहा और राशिद ने असलंका को आउट कर दिया।

## शतरंज ओलंपियाडः भारत ने इंडोनेशिया को 2.5-1.5 से हराया, महिला टीम ने फिनलैंड को दी मात

**एजेंसी, समरकंद** । शतरंज ओलंपियाड के दूसरे दौर में गुरुवार को भारत ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। ओपन वर्ग में भारत को इंडोनेशिया के खिलाफ 2.5-1.5 की जीत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जबकि महिला टीम ने फिनलैंड को 3.5-0.5 से हराकर आसान जीत दर्ज की। पहले दौर में आराम दिए जाने के बाद वापसी कर रहे आर. प्रज्ञानानंद ने शीर्ष बोर्ड पर काले मोहरों से इंडोनेशिया के सुशांतो मेगारांतो के खिलाफ लंबा मुकाबला खेला। खेल एंडगेम तक पहुंचा और 79 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। निहाल सरीन ने भारत को पहली सफलता दिलाई। सफेद मोहरों से आईएम आरिफ अब्दुल हाफिज के खिलाफ खेलते हुए निहाल ने धीरे-धीरे दबाव बढ़ाया और अंतिम चरण में सामरिक बढ़त हासिल कर ली। हाफिज ने 37.एनसी5+ के बाद बाजी छोड़ दी। यह ओलंपियाड में निहाल की लगातार दूसरी जीत रही। डी. गुकेश को काले मोहरों से आईएम सात्रिया दुटा चहाया के खिलाफ जीत का रास्ता नहीं मिला। स्थिति सरल होने के बाद गुकेश ने लगातार क्वीन चेक के जरिए मुकाबला बराबर रखा और 51.क्यूडी1+ के बाद ड्रॉ हुआ। विदित गुजराती और आईएम नायका बुधिधर्मा के बीच मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ।

## एशियाई खेलः मनु भाकर और तजिंदरपाल सिंह तूर होंगे उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जापान के आइची-नागोया में शनिवार को होने वाले एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में निशानेबाज मनु भाकर और गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर भारत के ध्वजवाहक होंगे। एशियाई खेलों के 20वें संस्करण में 500 से अधिक भारतीय खिलाड़ी 37 खेलों में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का समापन 4 अक्टूबर को होगा। भारत के शेफ-डी-मिशन सहदेव यादव ने एक बयान में कहा, "मनु भाकर ध्वजवाहकों में से एक होंगी।" इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने तजिंदरपाल सिंह तूर को दूसरा





ध्वजवाहक बनाए जाने की पुष्टि की। 24 वर्षीय मनु भाकर दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं। वह जापान में 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। 31 वर्षीय तजिंदरपाल सिंह तूर एशियाई खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे। उन्होंने 2018 जकार्ता और 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीता था। पिछले संस्करण में भारत ने चीन के हांगझोउ में कुल 106 पदक जीते थे, जिसमें 28 स्वर्ण पदक शामिल थे।

# बिजनेस

## स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट के साथ पंचत्व भारत की एंट्री, जबरदस्त नुकसान में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डेनिम फैब्रिक का उत्पादन और थोक वितरण का काम करने वाली कंपनी पंचत्व भारत लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को झटका दे दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 7.89 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 128.95 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये शेयर और गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये शेयर कुछ देर में ही गिर कर 122.55 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में लोअर सर्किट लगने के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 17.45 रुपये यानी 12.46 प्रतिशत का नुकसान हो गया। आईपीओ के तहत 1,000 शेयर का एक लॉट बनाया गया है। इस तरह से आज पहले दिन ही आईपीओ निवेशकों को प्रति लॉट 17,450 रुपये तक




का नुकसान हो गया। इस कंपनी का 24.58 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.40 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.39 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.41 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 17.56 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ में शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। पंचत्व भारत की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 2.02 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 2.83 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 4.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 39.31 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 48.99 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 56.87 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 7.66 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 7.74 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ उछल कर 14.18 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का नेटवर्थ 3.39 करोड़ रुपये के स्तर पर था। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का नेटवर्थ बढ़ कर 9.05 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में ये उछल कर 12.62 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## रक्सन ट्रांसफॉर्मर्स की स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री

### शुरुआती गिरावट के बाद लिवाली के सपोर्ट मजबूत हुए शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली** । इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी रक्सन ट्रांसफॉर्मर्स लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को शुरुआती झटका दे दिया। हालांकि, लिस्टिंग के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर यह शेयर मुनाफे की स्थिति में आ गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 273 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढाव के 273 रुपये के स्तर पर ही हुई।

फ्लैट लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर लुढ़क कर 261.30 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर कुछ देर में ही रिकवरी कर हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 1:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद ये शेयर 285.90 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## ओम गैलेक्सी ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, सांकेतिक बढ़त के साथ एंट्री के बाद शेयर के भाव में आई गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाइप फिटिंग, इंडस्ट्रियल मोल्ड और ऑटोमोटिव मोल्ड बनाने वाली कंपनी ओम गैलेक्सी लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने सांकेतिक बढ़त के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 90 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 0.22 प्रतिशत के सांकेतिक प्रीमियम के साथ 90.20 रुपये के स्तर पर हुई। लगभग सपाट स्तर पर हुई इस लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर लुढ़क कर 85.75 रुपये के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण कंपनी के शेयरों के भाव में सुधार होने लगा। दोपहर 1:45 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 90 रुपये के स्तर पर बने हुए थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों कोई न तो कोई नुकसान था और न ही कोई फायदा। कंपनी का 105 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था,



जिसके कारण ये ओवरऑल 1.84 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.07 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.61 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 1,16,67,200 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट सेटअप करने, पुराने कर्ज को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। ओम गैलेक्सी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 12.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 15.92 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 16.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 105.12 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 113.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 124.68 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 32.07 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में घट कर 25.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ उछल कर 37.79 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## स्टॉक मार्केट में प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लुढ़के वीगालैंड डेवलपर्स के शेयर, लोअर सर्किट के बावजूद मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केरल की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी वीगालैंड डेवलपर्स लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री की। हालांकि लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी देर में ही इस शेयर पर लोअर सर्किट लग गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 7.86 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 151 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 10 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 154 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस शेयर की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही



बिकवाली के कारण थोड़ी देर में ही ये शेयर गिरकर बीएसई पर 143.45 रुपये और एनएसई पर 146.30 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह प्रीमियम लिस्टिंग होने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों के मुनाफे में गिरावट आ गई। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर अधिकतम 6.30 रुपये यानी 4.50 प्रतिशत के फायदे में थे। इस कंपनी का 210 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 14.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 19.13 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 19.41 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 1.50 करोड़ नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ में शेयरों की बिक्री से जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्ट्स और आने वाले प्रोजेक्ट्स के लिए फंडिंग करने, पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में लगातार पांचवें दिन बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 570 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 620 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। वहीं, चांदी के भाव में आज लगातार पांचवें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये चमकीली धातु आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान सोमवार के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,52,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## स्टॉक मार्केट में महाराजा एंड स्पीडेक्स इंडिया की धमाकेदार शुरुआत, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट


**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्पीडेक्स ब्रैंड नेम से स्टेनलेस स्टील की सिंगल वॉल बोतल, डबल वॉल वैक्यूम इंसूलेटेड बोतल और अन्य स्टेनलेस स्टील उत्पाद बनाने वाली कंपनी महाराजा एंड स्पीडेक्स इंडिया लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त मजबूती के साथ एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 186 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर पर इसकी लिस्टिंग 34.40 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 250 रुपये के स्तर पर हुई। जोरदार लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई बिकवाली की वजह से ये शेयल गिर कर 240 रुपये के




स्तर पर आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस शेयर की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदीरी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 262.50 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 76.50 रुपये यानी 41.13 प्रतिशत का फायदा हो गया। इस कंपनी का 80.13 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 23.06 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 20.51 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 39.53 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 19.65 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 43.08 लाख शेयर जारी किए गए हैं। इनमें लगभग 64 करोड़ रुपये के 34,46,400 नए शेयर जारी किए गए हैं, जबकि लगभग 16 करोड़ रुपये के 8,61,600 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं।

# सेंसर सर्टिफिकेट में देरी के चलते लव लॉटरी की रिलीज डेट आगे बढ़ी, अब 25 सितंबर को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म




अ अक्षय ओबेरॉय और हेली दारूवाला अभिनीत फिल्म 'लव लॉटरी का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए नई जानकारी सामने आई है। फिल्म की रिलीज तारीख आगे बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से अंतिम प्रमाणपत्र मिलने में देरी के कारण निर्माताओं को यह फैसला लेना पड़ा है। पहले यह फिल्म 18 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब दर्शकों को इसके लिए एक सप्ताह और इंतजार करना होगा। फिल्म 25 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। सिनेमाघरों में किसी भी फिल्म को रिलीज करने से पहले केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड से प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य होता है। 'लव लॉटरी को अभी तक अंतिम प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है। इसी वजह से निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। कुलदीप भार्गव 'तुषार द्वारा सिनेमा-गंज फिल्म्स के बैनर तले निर्मित इस फिल्म का निर्देशन अरविंद पांडे ने किया है। फिल्म की कहानी आज के दौर के रिश्तों, शादी, भरोसे और धोखे के इर्द-गिर्द बुनी गई है। इसमें दिखाया गया है कि वैवाहिक रिश्तों में होने वाले विवाद किस तरह कानूनी लड़ाई का रूप ले सकते हैं। फिल्म में पुरुषों के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को भी कहानी का हिस्सा बनाया गया है। निर्माताओं के अनुसार, 'लव लॉटरी केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दर्शकों को रिश्तों और उनसे जुड़े सामाजिक एवं कानूनी सवालों पर विचार करने का अवसर भी देगी। 'लव लॉटरी को सामान्य रोमांटिक या पारिवारिक फिल्म के बजाय न्यायालयीन नाटक, रहस्य और सामाजिक संदेश से जुड़ी कहानी के रूप में प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में शादी, गुजारा भत्ता, वैवाहिक विवाद और रिश्तों में अधिकार जैसे विषयों को केंद्र में रखा गया है। इन विषयों के कारण फिल्म की कहानी पारंपरिक हिंदी फिल्मों से कुछ अलग नजर आती है। फिल्म में अक्षय ओबेरॉय और हेली दारूवाला मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा कबीर दुहान सिंह, विजयंत कोहली, हेमंत पांडे, इंदिरा कृष्णन, संतोष शुक्ला, विक्रम शर्मा, अग्नि अयगरी, कुमार सौरभ, अश्वंत लोढ़ी और अर्शदीप संधू भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म की कहानी और पटकथा अंकुर खत्री ने लिखी है। नवीन वी. मिश्रा ने छायांकन की जिम्मेदारी संभाली है। फिल्म का संगीत वरुण मिश्रा और अरविंद पांडे ने तैयार किया है, जबकि संपादन प्रकाश झा ने किया है। अब 'लव लॉटरी 25 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# टीवी पर करेंगी वापसी रश्मि देसाई, बोलीं- कमबैक नहीं, एक मकसद की तलाश थी

उ उतरन में तपस्या के किरदार से घर-घर में पहचान बनाने वाली अभिनेत्री रश्मि देसाई एक लंबे ब्रेक के बाद फिर छोटे पर्दे पर लौटने के लिए तैयार हैं। वह करीब आठ साल से फिक्शन टीवी से दूर थीं। इस दौरान उन्हें कई शोज के ऑफर मिले, लेकिन वह हर कहानी के साथ जुड़ाव महसूस नहीं कर पाई और कई प्रोजेक्ट्स को मना कर दिया। अब रश्मि को ऐसी कहानी और किरदार मिला है, जिसे लेकर वह काफी उत्साहित हैं। अभिनेत्री जल्द ही नए शो सयोनी में माया का किरदार निभाती नजर आएंगी। रश्मि ने कहा, इन सालों में मैं टीवी पर वापस आने के लिए किसी अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार कर रही थीं। मैं ऐसा काम करना चाहती थीं, जिसके पीछे कोई वजह और मकसद हो। एक कलाकार के लिए लगातार स्क्रीन पर दिखाई देना ही सबसे जरूरी चीज नहीं है। मेरे लिए कहानी और किरदार का मजबूत होना ज्यादा मायने रखता है। इसी वजह से मैंने कई ऑफर मिलने के बावजूद जल्दबाजी में किसी शो का हिस्सा बनने से परहेज किया। सयोनी में अपने किरदार माया के बारे में बात करते हुए रश्मि ने कहा, माया मेरे लिए सिर्फ एक काल्पनिक किरदार नहीं है। वह एक बहुत ही प्रैक्टिकल और जमीन से जुड़ा किरदार है। जब यह कहानी और किरदार मेरे सामने आए, तो मुझे इसमें वह जुड़ाव महसूस हुआ, जिसका मैं इतने समय से इंतजार कर रही थीं। रश्मि ने अपने टीवी कमबैक को लेकर कहा, मैं टीवी पर कमबैक नहीं, बल्कि एक मकसद तलाश रही थी। एक कलाकार के तौर पर हमें कई मौके मिलते हैं, लेकिन सिर्फ दिखाई देना, काम करना और पैसे कमाना जरूरी नहीं है। आपको कुछ ऐसा करना चाहिए, जिसके लिए लोग आपको याद रखें। मैं इसी वजह से जानी जाती हूं। सयोनी में वह चमक है। मुझे लगता है कि इसकी कहानी कलाकारों से भी बड़ी है। बता दें कि रश्मि ने टीवी इंडस्ट्री में काफी लंबा सफर तय किया है। उन्होंने साल 2006 में हिंदी टेलीविजन पर रावण से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें असली पहचान उतरन में तपस्या का किरदार निभाने के बाद मिली। इस शो ने रश्मि को टीवी के चर्चित चेहरों में शामिल कर दिया। इसके बाद रश्मि ने फिक्शन के साथ-साथ कई रियलिटी शोज में भी हिस्सा लिया। वह परी हूं मैं, झलक दिखला जा 5, फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 6, जरा नचके दिखा 2 और नच बलिए 7 जैसे शोज में नजर आईं। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया और सलमान खान की फिल्म दबंग 2 में स्पेशल अपीयरेंस किया था। रश्मि की पिछली छोटी पर्दे की मौजूदगी वागले की दुनिया- नई पीढ़ी नए किस्से में देखने को मिली थी। यह शो मशहूर कार्टूनिस्ट आर.के. लक्ष्मण के बनाए किरदारों, खासकर द कॉमन मैन से प्रेरित था। सयोनी का प्रीमियर 23 सितंबर को स्टार प्लस और जियोहॉटस्टार पर होगा।

## फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का पहला पोस्टर जारी

बॉलीवुड फिल्म निर्देशक\ कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने अपनी अगली फिल्म 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' की घोषणा कर दी है। हालांकि, फिल्म की कहानी और किरदारों से जुड़ी जानकारी फिलहाल रहस्य में रखी गई है, जिससे दर्शकों की उत्सुकता और बढ़ गई है। फिल्म का पहला पोस्टर और अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया गया है, जिसमें इसकी भव्यता और बड़े पर्दे के लिए तैयार की जा रही सिनेमाई दुनिया की पहली झलक देखने को मिलती है। 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' की कहानी और निर्देशन गणेश आचार्य ने किया है। वी2एस प्रोडक्शन एंड एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति 'गणेश डस्ट टू स्टारडस्ट' का निर्माण सौंदर्या ने किया है, जबकि निर्देशन गणेश आचार्य का है। फिल्म की पटकथा और संवाद दिगंगना सूर्यवंशी तथा गणेश आचार्य ने मिलकर लिखे हैं। यह फिल्म उनके लिए एक नए अध्याय की शुरुआत मानी जा रही है। इस परियोजना के जरिए वह पहले की तुलना में कहीं बड़े और व्यापक सिनेमाई कैनवास पर एक नई दुनिया को दर्शकों के सामने पेश करने की तैयारी में हैं। जारी किए गए अनाउंसमेंट वीडियो में बड़े पैमाने पर फिल्माए गए दृश्य, प्रभावशाली माहौल और भव्य प्रस्तुति नजर आती है, जो फिल्म के महत्वाकांक्षी स्वरूप की ओर संकेत करते हैं। फिल्म के पहले पोस्टर में भी इसी रहस्य और उत्सुकता को बनाए रखा गया है। पोस्टर फिल्म की अलग दृश्य पहचान को सामने लाता है और संकेत देता है कि दर्शकों को सामान्य कहानी से अलग एक बड़े सिनेमाई अनुभव का सामना करना पड़ सकता है। फिल्म के शीर्षक ने भी लोगों के बीच सवाल खड़ा किया है कि आखिर 'डस्ट टू स्टारडस्ट' के पीछे किस तरह की कहानी छिपी है। फिल्म को लेकर गणेश आचार्य ने कहा कि यह उनके लिए बेहद खास परियोजना है। उन्होंने बताया कि फिल्म को पूरी मेहनत और दिल से बनाया गया है और वह इसकी पहली झलक दर्शकों के साथ साझा करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि दर्शकों को टीम की ओर से तैयार किया गया यह अनुभव पसंद आएगा। मुख्यधारा के मनोरंजन, भव्यता, भावनाओं और शानदार प्रस्तुतियों की समझ के लिए पहचाने जाने वाले गणेश आचार्य इस फिल्म में इन सभी खूबियों को बतौर कहानीकार एक साथ पेश करने की कोशिश कर रहे हैं।

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5 का एलान

## 26 सितंबर से दिखेगी हंसी का त्योहार की झलक, प्रोमो जारी



क कपिल शर्मा के फैंस के लिए एक गुड न्यूज है. द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5 का एलान हो गया है. मेकर्स ने आज, 16 सितंबर को शो का एक शानदार प्रोमो जारी किया है और बताया कि द ग्रेट इंडियन कपिल शो अपने 5वें सीजन के साथ वापस आ रहा है. इस बार शो का थीम हंसी का त्योहार रखा गया है. बुधवार को नेटफ्लिक्स ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो के पांचवें सीजन के साथ कपिल शर्मा और उनकी मशहूर कॉमेडी टीम की झलक शेयर की है. नया सीजन 26 सितंबर को शुरू होगा और त्योहारों के मौसम में लोगों को एंटरटेन करेगा. शो प्रोमो जारी करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, ढोल, नगाड़ा, सब बजेगा क्योंकि हंसी का त्योहार अब नेटफ्लिक्स पर सजेगा.

देखिए द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 5, 26 सितंबर से रात 8 बजे सिर्फ नेटफ्लिक्स पर. प्रोमो के अनुसार, 5वें सीजन में कपिल शर्मा के साथ सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, अर्चना पूरन सिंह और नवजोत सिंह सिद्धू वापसी करेंगे. इस शो में सेलिब्रिटीज के साथ बातचीत, कॉमेडी स्केच, मजाक-मस्ती और हंसी में एक-दूसरे की टांग खिंचाई का सिलसिला जारी रहेगा. इस बार शो को हंसी का त्योहार के तौर पर पेश किया जा रहा है, जिसमें कॉमेडी, त्योहारों का जश्न और परिवार के साथ एंटरटेनमेंट देखने को मिलेगा. मेहमानों की लिस्ट में अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़ी मशहूर हस्तियां, चर्चा में रहने वाले लोग और जानी-मानी शख्सियतें शामिल हो सकती हैं.

एक और सीजन के लिए वापसी के बारे में बात करते हुए कपिल शर्मा ने कहा, हर सीजन में हमें लगता है कि हमने काफी मस्ती कर ली है,

और फिर हमें एहसास होता है कि अभी तो और भी बहुत कुछ बाकी है और कहीं न कहीं मुझे लगता है कि यही चीज हमें आगे बढ़ाती है. दुनिया भर में हमारे दर्शकों ने नेटफ्लिक्स पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो को जो प्यार दिया है, उसके लिए हम बहुत आभारी हैं. इस बार हम आने वाले त्योहारों को पूरे दिल से मनाएंगे. चाहे वो दिवाली हो या क्रिसमस. बस अर्चना जी से लिफाफे दूर रखिएगा, बाकी हम हंसी का त्योहार तो लेकर आ ही रहे हैं.



# 'हीरोइन' कहलाना कभी लक्ष्य नहीं रहा : संदीपा धर

बा बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर का कहना है कि उनका सिर्फ 'हीरोइन' कहलाना कभी लक्ष्य नहीं रहा, बल्कि वह एक कलाकार के तौर पर अपनी अलग पहचान बनाना चाहती हैं। नेटफ्लिक्स की हालिया ओरिजिनल सीरीज 'चुंबक' में नजर आईं एक्ट्रेस संदीपा ने अपने करियर में कॉमेडी, थ्रिलर, ड्रामा और भावनात्मक कहानियों जैसी अलग-अलग शैलियों में काम किया है। जेडी मजेठिया और आतिश कपाड़िया की बनाई इस कॉमेडी-ड्रामा सीरीज में संदीपा के अलावा नीना गुप्ता, देवेन भोजानी, अर्जुन बिजलानी, हेली शाह, मानसी पारेख, सुमीत व्यास, सुमीत राघवन, अनंत वी. जोशी, अमायरा दस्तूर, डेलनाज ईरानी और अतुल कुमार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। संदीपा धर का मानना है कि कलाकार की पहचान तभी मजबूत होती है, जब वह खुद को लगातार नई और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में आजमाने से न डरे। एक बातचीत में संदीपा ने कहा कि उनका पूरा ध्यान हमेशा अभिनय के जरिए अपनी पहचान बनाने पर रहा है। वह चाहती हैं कि दर्शक उन्हें ऐसी अभिनेत्री के तौर पर याद रखें, जो अलग-अलग तरह के किरदारों को निभाने की क्षमता रखती है। उनके मुताबिक, 'हीरोइन' का तमगा किसी कलाकार की मंजिल नहीं होना चाहिए। असली चुनौती यह है कि कलाकार अपने काम और अभिनय के दम पर दर्शकों के बीच पहचान बनाए। संदीपा ने फिल्मों के साथ-साथ डिजिटल मंच पर भी काम किया है। उनका मानना है कि ओटीटी ने कलाकारों के लिए संभावनाओं के नए दरवाजे खोले हैं। इस मंच पर कलाकारों को अलग तरह की कहानियों और चुनौतीपूर्ण किरदारों के साथ प्रयोग करने का अवसर मिलता है। पहले किसी कलाकार की एक खास छवि बन जाने के बाद उसे अक्सर उसी तरह की भूमिकाएं मिलने लगती थीं, लेकिन डिजिटल मंच ने इस धारणा को काफी हद तक बदला है। यहां कलाकार अपनी अभिनय क्षमता और विविधता को ज्यादा व्यापक तरीके से दर्शकों के सामने रख सकते हैं। अभिनेत्री ने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानती हैं कि उन्हें ओटीटी की दुनिया का हिस्सा बनने का अवसर मिला। इस मंच ने उन्हें अपनी अलग-अलग खूबियां और अभिनय की रेंज दिखाने का मौका दिया है। दर्शकों से मिले प्यार और प्रतिक्रिया ने भी उनका आत्मविश्वास बढ़ाया है। संदीपा को उम्मीद है कि आने वाले समय में उन्हें और भी अलग तरह के किरदार निभाने का अवसर मिलेगा और वह अपने अभिनय के नए पक्ष दर्शकों के सामने रख सकेंगी। संदीपा धर की सीरीज 'चुंबक' का प्रीमियर 10 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर हुआ।

# वीर पहाड़िया पहुंचे कामाख्या मंदिर



अ अभिनेता वीर पहाड़िया ने अपनी आगामी फिल्म 'प्रेम कीटाणु' की दुनिया भर में रिलीज़ से पहले हाल ही में असम के प्रसिद्ध कामाख्या मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने मां कामाख्या का आशीर्वाद लिया और अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा की झलक सोशल मीडिया पर साझा की। वीर ने मंदिर परिसर की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, "जय जय मां कामाख्या।" इस दौरान वह पारंपरिक नीले कुर्ते और लाल-सुनहरे स्टोल में शांत और आध्यात्मिक अंदाज में नजर आए। यह आध्यात्मिक दौरा ऐसे समय में सामने आया है जब वे अपनी अगली बड़ी फिल्म 'प्रेम कीटाणु' की तैयारी में व्यस्त हैं। अपूर्व सिंह कार्की द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वीर पहाड़िया के साथ अपारशक्ति खुराना, आफिया सैयद, राकेश बेदी और निखिल विजय भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म युवाओं के एक समूह की कहानी है, जो कॉलेज जीवन, दोस्ती, प्यार, सपनों और दिल टूटने के अनुभवों से गुजरते हैं। गौरव वर्मा के बैनर अवनीका फिल्म्स की यह पहली प्रोडक्शन 2 अक्टूबर 2026 को गांधी जयंती के अवसर पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी। दर्शकों में बढ़ा उत्साह और वीर की तैयारियों की झलक सोशल मीडिया पर वीर पहाड़िया की कामाख्या मंदिर वाली तस्वीरें आते ही वायरल हो गईं और फैंस उनके इस संजीदा व आध्यात्मिक रूप की जमकर तारीफ कर रहे हैं। बॉलीवुड में अपनी नई पहचान बना रहे वीर के लिए यह फिल्म उनके करियर का एक बेहद महत्वपूर्ण पड़ाव मानी जा रही है। फिल्म के टीजर और गानों को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच काफी उत्सुकता बनी हुई है। कामाख्या देवी शक्तिपीठ में अपनी इस यात्रा के दौरान वीर ने न केवल अपनी फिल्म की सफलता की कामना की, बल्कि अपने पूरे क्रू और सह-कलाकारों के लिए भी प्रार्थना की। उन्होंने अपने संदेश में लिखा कि किसी भी बड़े प्रोजेक्ट की शुरुआत से पहले ईश्वर का आशीर्वाद मिलना मन में एक अद्भुत सकारात्मक ऊर्जा और शांति भर देता है।

# स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हो सकता है केसर बादाम का दूध, जानिए इसके 5 फायदे



के केसर बादाम के दूध का सेवन करने से शरीर को भरपूर ऊर्जा मिलती है और यह कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसके अलावा इसमें मौजूद केसर और बादाम के कारण इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। केसर बादाम दूध का सेवन सभी उम्र के लोगों के लिए फायदेमंद है। इस लेख में हम केसर बादाम के दूध के कुछ स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानेंगे, जो आपके जीवनशैली को और बेहतर बना सकते हैं। केसर बादाम दूध का सेवन पाचन को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। इसमें मौजूद केसर और बादाम पाचन के लिए जरूरी तत्वों को सक्रिय करते हैं, जिससे खाना सही तरीके से पचता है। इसके अलावा इसमें मौजूद फाइबर भी पाचन प्रक्रिया को सुधारने में मदद करता है। इस पेय का नियमित सेवन कब्ज, पेट की समस्याओं और पेट दर्द जैसी समस्याओं से राहत दिला सकता है। दिल के लिए भी केसर बादाम दूध का सेवन फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद अच्छे वसा दिल की बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें ऐसे तत्व होते हैं, जो रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाते हैं और रक्तचाप को नियंत्रित रखने में सहायक हैं।

नियमित रूप से इस पेय का सेवन करने से दिल की समस्याओं का खतरा भी कम हो सकता है।

शरीर की सुरक्षा को बढ़ावा देने में प्रभावीः केसर बादाम दूध शरीर की सुरक्षा को बढ़ावा देने में भी मददगार हो सकता है। इसमें मौजूद तत्व शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाते हैं, जिससे संक्रमण और बीमारियों से लडऩे की शक्ति बढ़ती है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन-सी और विटामिन-ई भी प्रतिरोधक क्षमता को सहारा देते हैं। नियमित रूप से इस पेय का सेवन करने से आप स्वस्थ रह सकते हैं और बीमारियों से दूर रह सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी केसर बादाम दूध फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें मौजूद केसर तनाव और उदासी जैसी मानसिक समस्याओं को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद खनिज मस्तिष्क की कार्यक्षमता को सुधारने में सहायक होते हैं। नियमित रूप से इस पेय का सेवन करने से आप मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

केसर बादाम दूध त्वचा और बालों की देखभाल के लिए भी अच्छा माना जाता है। इसमें मौजूद विटामिन-ई त्वचा को नमी प्रदान करता है और झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें मौजूद विटामिन-ए बालों की जड़ों को मजबूत बनाता है और उन्हें झडऩे से रोकता है। नियमित रूप से इस पेय का सेवन करने से आपकी त्वचा और बाल स्वस्थ रहते हैं।

BRIFF NEWS

## 2 Jaish terrorists killed in Udhampur



**Jammu, Agency:** Two Jaish-e-Mohammad terrorists were shot dead and a suspected overground worker was detained Thursday after security forces tracked down a hideout in rain-soaked forests of Udhampur district in J&K's Jammu division, seizing assault rifles, a pistol and grenades.

An Army-CRPF-J&K police team launched the operation in Brattal bordering Kathua district after inputs led forces to cordon off a target area around 9pm Wednesday. "A few rounds of gunfire and grenade blasts were heard shortly after," an official said. The terrorists resumed firing Thursday morning, apparently trying to break the cordon, but were killed in return fire. White Knight Corps said a mop-up operation was underway using sniffer dogs and aerial surveillance to check for any remaining terrorists.

Police identified the slain terrorists as Saddam and Mustafa. Forces found an AK-series rifle with four magazines, an M-4 carbine with three magazines, a Glock pistol with two magazines and four grenades on them.

## Flowers at 10,600ft: World's highest twin fields unveiled in Leh



**leh, Agency:** On Prime Minister Narendra Modi's 76th birthday, Ladakh Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena inaugurated the world's highest and India's largest twin flower fields in Leh, at an altitude of 10,600ft, on Thursday as part of the administration's efforts to diversify agriculture, build skills and create new livelihood opportunities in the Union Territory.

Spread across 40 acres at Choglamsar and Stakna, the gardens house more than 25 lakh high-value flowers, including 24 lakh Lilium and 1 lakh Gladiolus. The Choglamsar field was developed in just two months, with plantation beginning on July 16 and the first blooms appearing in the first week of Sept. At Stakna, nearly 1.4 lakh lilies were planted in Aug, with the first blooms expected by Oct-end.

Saxena said the initiative was the first experiment of its size and nature at such a high altitude in Leh, adding that its successful execution could pave the way for replication elsewhere in Ladakh. The gardens will open to the public on Sept 18, with an entry fee of Rs 25 for adults and Rs 10 for children, officials said. Floriculture, as a high-value agricultural activity, can complement traditional farming, increase cultivators' incomes and create opportunities for employment and entrepreneurship, the LG said. The Choglamsar flower park will serve as a training, demonstration and model floriculture centre for farmers and youth, where Lilium, Gladiolus, Tulips and other ornamental flowers will be cultivated for national and international markets.

# Kashmir cracks walnut success code turns to medium-sized, grafted trees

**Kokerang, Agency:** In Gohan village, around 100km south of Srinagar, Shabir Ahmad was among many harvesting walnuts from a towering tree. The work has become increasingly difficult. "My back aches now," Ahmad said. J&K produces 3.5 lakh tonnes of walnuts annually, around 90% of the country's total output.Like other villagers, Ahmad had no safety gear and he was proud of it. "We have been doing it for centuries," said Ahmad, also a clerk at a local court. However, the



bravado doesn't help in harvesting seasons. Dr. Mohd Yaqoob Bhat, a surgeon at Paras Hospital in Srinagar, said Valley healthcare units treat dozens of patients each year after falls from walnut trees, some with serious spinal injuries. "There is no mechanism to address the issue," Bhat said.

Ahmad's younger brother sold one walnut for one rupee and no two fruits are similar. For generations, Kashmir's walnut trees have been grown from seeds. J&K and Sher-e-Kashmir University of Agricultural Sciences and Technology (SKUAST) are now promoting medium-sized, grafted walnut trees to bring greater uniformity and help the produce compete globally amid competition from soft-shelled varieties grown in California and Chile.

The initiative aims to replace scattered plantations with organised orchards of known varieties, allowing farmers to grow more trees in the same area and produce walnuts more consistent in size and color.

J&K has about 80,000 hectares under walnut cultivation, most of it made up of seedling-origin trees. "When someone plants a walnut seed in the ground, whatever grows becomes a tree. Every tree is a variety of its own," Ashfaq A. Pandit, professor and head at SKUAST, said. This natural variation, once considered an advantage, has become a challenge in the modern market where buyers seek consistent produce.

Traditional walnut trees can take about 15 years to bear fruit without using pesticides. Unlike traditional seedling-origin trees, grafted walnuts belong to known varieties.

Imtiyaz Ahmad Lone, professor and head of SKUAST's Walnut Research Centre, said the university released new walnut cultivars and grafting-based cultivation had spread over nearly 90,000 hectares despite lack of subsidies.

## Buying medicines may have to be recorded on CCTV

**New Delhi, Agency:** Buying prescription medicines from a medical store could soon be recorded on CCTV, with the footage required to be kept for at least three months, under a draft amendment to the Drugs Rules, 1945, proposed by Union health ministry. With this, regulators will be able to check transactions when concerns are raised.

For patients, this could mean an additional safeguard against medicines sold without prescriptions or accessed via illegal channels.

The move is aimed at better oversight of Schedule H, H1 and X drugs, which include medicines that cannot be sold without valid prescription. Except wholesale dealing, all drug will be supplied under CCTV system at the licensed prem-



ises. The proposal was first considered by Drugs Consultative Committee and was then circulated to Drugs Technical Advisory Board.

The board recommended approval of the proposal, according to the health ministry. The draft says the rule will come into force from a date specified by govt when the amendment is finally published in the Official Gazette. The ministry has invited objections and suggestions from stakeholders and the public.

Responding to the proposal, J S Shinde, president, All India Organisation of Chemists & Druggists, said, "Making CCTV surveillance mandatory at every medical store could cost small and medium chemists Rs 50,000-1 lakh or more, apart from ongoing maintenance. A uniform requirement is particularly difficult to implement in rural areas with unreliable power and internet connectivity.

## NIA court issues NBWs against 2 Pak-based LeT commanders

**Jammu, Agency:** A special NIA court in Jammu has issued non-bailable warrants (NBWs) against two Pakistan-based Lashkar-e-Taiba (LeT) commanders for evading arrest in terror cases.

Justice Prem Sagar passed separate orders on Sept 8 against the duo - Khalid alias Lala Huzaifa alias Bakkarwali, a resident of Pakistan's South Punjab province; and Saifullah alias Sajid Jatt alias Ali Bhai alias Habibullah Malik (also known by several other aliases), a resident of Pakistan's Kasur district.

NIA alleged that Khalid



and Saifullah had worked as LeT commanders in Kashmir before moving to Pakistan, from where they were currently providing weapons, money, and directions to ultras operating in Kashmir. While Khalid was active in Ganderbal and Bandipora districts, Saifullah - a designated terrorist listed in the Fourth Schedule of UAPA - operated in Kulgam between 2005 and 2007, NIA stated.

## Owners face penalties as govt moves to curb stray cattle on highways, e-ways

**New Delhi, Agency:** Owners who abandon cattle on highways and expressways could face fines and penalties, with the road transport ministry issuing a standard operating procedure (SOP) to curb the menace of stray cattle and other animals causing road crashes. States and local authorities will initiate "owner-tracing" and take steps to recover applicable fees, fines and penalties from owners.

The SOP follows a Supreme Court direction to NHAI to devise a structured mechanism for the safe removal of stray animals from national highways and expressways. The "SOP for Safe Removal of Stray Cattle and Other Animals from NHs/Expressways", issued this



week to highway agencies and state govts, designates NHAI, NHIDCL and state PWDs as nodal agencies for removing stray animals from NHs and expressways. They will arrange their safe transportation to shelters, cattle pounds or gaushalas identified by state govts.

The highway agencies will identify and mark stretches where stray cattle and other animals are frequently spotted.

## SC takes exception to 31 unnatural deaths in Manipur relief camps

**New Delhi, Agency:** Supreme Court Thursday took strong exception to 31 unnatural deaths in Manipur's relief camps - set up after the eruption of Kuki-Meitei ethnic clashes in 2023 to shelter internally displaced persons (IDPs) - including one due to sexual assault.

A bench of Chief Justice Surya Kant and Justices Joymalya Bagchi and V Mohana asked the state govt to file an affidavit giving details of the causes of death as ascertained through postmortem reports and the investigations to identify the cul-



prits. It also questioned the state for giving a meagre Rs 30,000 as compensation to the next of kin even though the state had paid Rs 4 lakh-5 lakh to relatives of victims of the ethnic clashes.

This order was passed after perusing Justice Gita Mittal Committee's report. Placed before the court by senior advocate Vibha D Makhija, it cited a Media report of June 7 which published a news report on 731 deaths, including 25 unnatural deaths, in relief camps as disclosed by the state home department. Media had also reported that 43,000 IDPs were residing in various relief camps.

Makhija said when the committee sought details of the deaths, the state initially provided sketchy statistics. Only after prodding did govt provide the required information. Jiribam and Churachandpur relief camps recorded nine unnatural deaths each; six were reported in Bishnupur, four in Imphal West, two in Imphal East and one in Kakching.

The bench directed the state chief secretary to submit what remedial measures would be taken to prevent such incidents. It also asked the state to detail the steps taken to expedite investigations into the FIRs. Justice Mittal Committee informed the court that the mother of the sexual assault victim in Churachandpur relief camp was given Rs 2.5 lakh as compensation but in most cases, the next of kin got only Rs 30,000.

## Tamil Nadu must change mindset, allow Hindi in schools: SC

**New Delhi, Agency :** Supreme Court Thursday told Tamil Nadu govt that it needed to change its mindset towards teaching Hindi in schools and should thrash out issues with Centre on setting up Navodaya Vidyalayas in every district.

As Vijay-led TN govt took the same stand taken by the previous DMK govt, a bench of Justices B V Nagarathna and A G Masih said individual states could not act like countries. "You have to change your mindset, it can't be that Hindi will not be taught on the soil of TN," the bench said.

TN has been opposing the setting up of these schools as they follow a three-language policy, including Hindi, which is against the state's two-language policy.

"We are saying in addition to all the good things you're doing in your state, having something in addition will not bring down your standards... People in Chennai should not alienate Delhi and vice versa," SC said.

Senior advocate Jaideep Gupta, appearing for the state, submitted it was against the federal structure to impose



Centre's decision on a state. "It is against the state policy. It supersedes Tamil. This kind of unification is not the purport of Constitution. It is not a central govt school. It is a school run by a society. There is an adamancy that Hindi must predominate," he said.

Gupta submitted that cooperative federalism would never work in only one direction and such a policy should not be enforced by the court.

The bench asked the state to comply with its order and posted the case for further hearing in Dec. SC had last Dec directed TN to identify land required for establishing Navodaya Vidyalayas in each district within six weeks.

"We are not asking you to acquire land. We are only asking you to identify it... There is a need for dialogue. You can't say I won't accept a policy. Today it is education, tomorrow it will be something else.


## SC raps CBSE for refusing to exempt Class VI from 3-language policy this year

**New Delhi, Agency:** Supreme Court on Thursday rapped CBSE for being stubborn in its decision to enforce the three-language policy from this year for Class VI students and forced it to reconsider the decision with a clear mandate, camouflaged as a suggestion, to enforce it from next academic year.CBSE had decided to enforce the three-language policy for all classes from Class VI to X, in which the students were to choose three languages of which two must be indigenous. On SC's request, it reconsidered and agreed to enforce it from Class VI onwards from this year while students in Class VII to X were to be governed by the old policy. SC had asked CBSE to reconsider exempting students of Class VI this year.

A bench of CJI Surya Kant and Justices Joymalya Bagchi and V Mohana is dealing with a bunch of petitions challenging the threelanguage policy, including highlighting the inadequacy of textbooks, indigenous subject teachers and infrastructure.

## 'Fundamental national responsibility': India's envoy to US strikes defiant note as Trump's 100% tariffs loom

**New Delhi, Agency:** India's Ambassador to the United States Vinay Mohan Kwatra has defended New Delhi's energy sourcing policy after the US House of Representatives passed legislation that gives US president Donald Trump the authority to impose tariffs of up to 100 per cent on countries continuing to buy Russian oil and gas, including India and China. The bill was approved 262-159 after clearing the Senate last month and now goes to Trump for signature.In an X thread titled "People



First: What Drives India's Energy Imperative", Kwatra said India's energy choices were driven by development and energy security.

"Energy is a vital strategic necessity for 1.4 billion Indians and a foundation of our development….India is the world's fastest-growing major economy and its third-largest energy consumer. Yet the average Indian consumes less than one-third of the global average and one-tenth of average American. Our energy needs will, and must, grow," he said.

Kwatra said reliable and affordable energy was essential for homes, farms, hospitals, schools, factories and transport.

"India imports over 85% of its crude oil and around half its natural gas. Our sourcing reflects a fundamental national responsibility: looking outside our borders to secure adequate, affordable and uninterrupted energy for our people," he said. He added that India sources energy from partners across the Middle East, Africa, Latin America, Eurasia and the US, with decisions guided by "availability, affordability, market conditions and commercial viability". "When recent conflicts squeezed global supplies, India acted decisively to protect its people from price shocks. That also helped steady global energy markets and prevent a deeper crisis.